तापमान

अधिकतम 36.6 डिग्री

न्यूनतम 24.9 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024



11 नवरात्रि के मुहूर्त में 5 दिन में 22 करोड़ से ज्यादा ...





16 शहर की सड़कों पर धूल साफ करने अब 6 ...





B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड-114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि-14/10/24

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314

9303893829, 9300850065


# माइनिंग घोटाले में 1000 पन्नों का पूरक चालान, समरी और पेन ड्राइव भी पेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


खास खबर

माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद रजनीकांत तिवारी तथा मनीष उपाध्याय के खिलाफ ईओडब्लू ने गुरुवार को निधि शर्मा तिवारी की स्पेशल कोर्ट में एक हजार पन्नों का पूरक चालान पेश किया। साथ ही जांच एजेंसी ने कोर्ट में 25 पन्नों की समरी तथा पेन ड्राइव पेश किया है। मामले की अगली सुनवाई पांच दिसंबर को होगी।

## जांच एजेंसी ने रजनीकांत तिवारी, मनीष उपाध्याय के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया

### पैसा कलेक्ट करने का काम करते थे

कोर्ट में पेश पूरक चालान में उल्लेख किया गया है कि मनीष तथा रजनीकांत सिंडिकेट का एक हिस्सा थे। दोनों माइनिंग घोटाले की रकम कलेक्ट करने का काम करते थे तथा सिंडिकेट से जुड़े लोगों तक घोटाले की रकम पहुंचाने का काम करते थे। जांच एजेंसी के दावों के मुताबिक विवेचना के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं। दस्तावेज में घोटाले की रकम से चल-अचल संपत्ति खरीदी करने की जानकारी मिली है।


अवैध कोल लेवी वसूली मामले में पूरक चालान पेश

अवैध कोल लेवी वसूली मामले में ब्यूरो में दर्ज अपराध क्रमांक 03/2024 में 02 गिरफ्तार आरोपी मनीष उपाध्याय एवं रजनीकांत तिवारी के विरूद्ध भादवि. की धारा 120बी, 384, 420 एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7-ए, 12 के अंतर्गत माननीय विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ.) रायपुर में पूरक अभियोग पत्र आज दिनांक 10.10.2024 को पेश किया गया है।

### घोटाला करने नियमों में बदलाव

गौरतलब है कि माइनिंग घोटाला मामले की जांच में जुटी ईडी तथा ईओडब्लू की टीम ने जांच में पाया है कि घोटाला को अंजाम देने के लिए नियमों में बदलाव किया गया। जुलाई 2020 में ऑनलाइन परमिट जारी करने की जगह ऑफ लाइन परमिट जारी किया गया। पिट पास जारी करने प्रति टन 25 रुपए लेने का आरोप है। इस तरह 570 करोड़ रुपए की अवैध उगाही करने का घाटाले में शामिल लोगों पर आरोप है।

ईओडब्लू द्वारा जारी बयान के मुताबिक रजनीकांत तथा मनीष के खिलाफ अवैध रूप से लेवी वसूली, साजिश रचने तथा भ्रष्टाचार करने के आरोप में आईपीसी की धारा 120 बी, 384, 420 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 7-ए, 12 के तहत पूरक चालान पेश किया गया है। रजनीकांत जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी का बड़ा भाई है।

ईओडब्लू द्वारा जारी बयान के मुताबिक मनीष तथा रजनीकांत लंबे अरसे से फरार चल रहे थे। कई जगहों पर छापेमारी के बाद दोनों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

## हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद अफसरों ने बदला फैसला

# ऊर्जा पार्क में मॉर्निंग वाक करने वालों से शुल्क लेने का निर्णय स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खबर का असर

आर्थिक बदहाली से जूझ रहे वन विभाग ने ऊर्जा पार्क में मॉर्निंग वाक करने जाने वाले लोगों से पांच सौ रुपए मासिक शुल्क लेने की योजना को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया है। इसकी वजह शुल्क लेने का लोगों द्वारा विरोध करना बताया जा रहा है। गौरतलब है कि पार्क के रखरखाव तथा मेंटेनेंस के नाम पर मॉर्निंग वाक करने वाले लोगों से शुल्क लेने की हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद वन विभाग के निर्णय का राजनीति के साथ अन्य सभी वर्ग के लोगों ने विरोध किया। विरोध के कारण वन विभाग को निर्णय वापस लेना पड़ा। इस बात की पुष्टि रायपुर डीएफओ लोकनाथ पटेल ने की है।

सीसीएफ कार्यालय के निर्देश पर रायपुर वनमंडल ने सात अक्टूबर को पत्र जारी कर मॉर्निंग वाक करने वाले लोगों से हर माह पांच सौ रुपए शुल्क लेने का आदेश जारी किया था। आदेश जारी होने के बाद अगले सप्ताह सोमवार से मॉर्निंग वाक करने आने वाले लोगों से शुल्क वसूलने की तैयारी में विभागीय अफसर जुटे हुए थे। इसके लिए मॉर्निंग वाक करने आने वाले लोगों के लिए आवश्यक पास बनवाने आदेश जारी कर दिया गया था।

### जितनी कमाई उससे ज्यादा खर्च

ऊर्जा पार्क में पिकनिक मनाने तथा तफरीह करने आने वाले लोगों से हर माह ढाई से तीन लाख रुपए की आय होती है। जितनी आय होती है, पार्क की साफ सफाई तथा रख रखाव में उससे दोगुना पांच लाख रुपए खर्च होती है। पार्क की देख रेख तथा साफ सफाई करने 40 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी रखे गए हैं। उनका हर महीने का वेतन चार लाख रुपए है। इसके साथ ही विद्युत तथा अन्य खर्च मिलाकर पांच लाख रुपए के करीब खर्च होता है।


देश के किसी भी गार्डन में मार्निंग वॉक करने वालों से टैक्स वसूलने का पहला मामला

पैसे की ऐसी तंगी, ऊर्जा पार्क में मार्निंग वॉक पर अब देना होगा टैक्स, हर माह 500 रुपए





### कमाई की आधी रकम ऊर्जा विभाग को

राजीव स्मृति वन को उर्जा तथा वन विभाग ने मिलकर बनाया है। इसीलिए पार्क से अर्जित आय की आधी रकम ऊर्जा विभाग के पास जाती है। अफसरों के अनुसार पार्क से हर महीने औसतन दो से तीन लाख रुपए की आय अर्जित होती है। इस लिहाज से पार्क की देखरेख तथा मेटेंनेस के लिए वन विभाग को पैसे खर्च करने पड़ते हैं। इसी नुकसान की भरपाई के लिए वन विभाग ने मार्निंग वाक करने आने वाले लोगों से शुल्क लेने की योजना बनाई है।

### डेढ़ से दो सौ के करीब मार्निंग वॉक करने आते हैं

अफसरों के अनुसार राजीव स्मृति वन में बारिश के दिनों में मार्निंग वाक करने वालों की संख्या महज 40-50 के करीब रहती है। नवंबर-दिसंबर में मार्निंग वाक करने वालों की संख्या में इजाफा होता है। ठंड तथा गर्मी के दिनों में मॉर्मिंग वाक करने वालों की संख्या डेढ़ से दो सौ के करीब पहुंच जाती है। इस लिहाज से मार्निंग वॉक करने वाले लोगों से शुल्क वसूलने पर हर माह 75 हजार रुपए से एक लाख रुपए तक आमदनी वन विभाग को होगी।

### पास की रकम वन विभाग के खाते में

*वन विभाग के अफसरों के मुताबिक राजीव स्मृति वन में सैर करने तथा पिकनिक मनाने आने वाले लोगों से जो शुल्क लिया जाता है, उस प्राप्त आय में से आधी रकम ऊर्जा विभाग को दी जाती है। मार्निंग वॉक करने आने वाले लोगों से जो शुल्क वसूल किया जाएगा। उक्त रकम वन विभाग के खाते में जमा होती, जिसे अब स्थगित कर दिया गया है।*

### शुल्क को लेकर सियासत

*कांग्रेस नेता तथा पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बयान जारी कर ऊर्जा पार्क में मार्निंग वाक करने आने वाले लोगों से शुल्क वसूल करने के निर्णय पर विरोध जताया था। पूर्व विधायक ने पार्क के रख रखाव के नाम पर शुल्क वसूलने को गलत बताते हुए निर्णय वापस नहीं लेने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी थी।*

### स्थगित कर दिया

*अफसरों के निर्देश पर ऊर्जा पार्क में मॉर्निंग वाक करने आने वाले लोगों से शुल्क वसूल करने का निर्णय स्थगित कर दिया गया है।*

*- लोकनाथ पटेल, डीएफओ रायपुर वनमंडल*

### जीएसटी टीम की कार्रवाई

## 900 किलो चांदी की जब्ती मामले में कारोबारियों पर 24 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मौदहापारा थाना क्षेत्र में नौ क्विंटल 28 किलो चांदी के जेवर जब्ती मामले में स्टेट जीएसटी की टीम ने एक दर्जन सराफा कारोबारियों से 24 लाख रुपए जुर्माना राशि वसूल किया है। स्टेट जीएसटी के अफसरों के मुताबिक कारोबारियों ने टैक्स चोरी करने की नीयत से आधा माल पक्के में तथा आधा माल कच्चे में मंगाया था। गौरतलब है कि सराफा कारोबारियों ने आगरा से दिल्ली के रास्ते एयर कार्गो से चांदी के जेवर मंगाए थे, जिसे क्राइम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मौदहापारा केके रोड के पास जब्त कर जीएसटी के सुपुर्द किया।

- स्टेट जीएसटी ने एक दर्जन कारोबारियों के खिलाफ की कार्रवाई

अफसरों के मुताबिक चांदी के जेवर इंडिगो एयर लाइंस के कार्गो से रायपुर लाए गए थे। जीएसटी विभाग ने इस मामले में धारा 122 के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है। अफसरों के अनुसार उन्हें कार्गो से चांदी की सिल्ली आने की सूचना मिली थी। चांदी की सिल्ली होने ▸▸ शेष पेज 14 पर

### कारोबारी बिल दिखाने की बात कह रहे थे

सूत्रों के मुताबिक जो चांदी के जेवर बगैर बिल के थे, कारोबारी उन जेवरों का बिल होने का हवाला देते हुए जीएसटी के अफसरों को गुमराह करते हुए बिल पेश करने की बात कह रहे थे। अफसरों के अनुसार जिन चांदी के जेवरों के बिल नहीं थे, उन पर कारोबारियों से जुर्माना राशि वसूल की गई है।

### गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ

कार्गो में चांदी जेवर के साथ गिरफ्तार किए गए सन्नी से पूछताछ की जा रही है। साथ ही यह देखा जा रहा है कि क्या यह चांदी किसी अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी हुई थी। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना देने में मदद करें, जिससे ऐसे मामलों पर नियंत्रण पाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### कृषि सर्वेक्षण का ठेका दिलाने का झांसा देकर ठगी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में पेशे से अकाउंटेंट ने एक व्यक्ति के खिलाफ कृषि कार्य का सर्वेक्षण कराने का टेंडर दिलाने के नाम पर दो लाख 90 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, विकास विहार कालोनी निवासी लखन जायसवाल ने रायगढ़ खरसिया निवासी हराधन मंडल के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। लखन ने पुलिस को बताया कि पिछले वर्ष अक्टूबर में हराधन ने केंद्र सरकार की योजना का झांसा देकर उसे कृषि कार्य के सर्वेक्षण कराने टेंडर दिलाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया।

### ट्रेनों में भीड़ बढ़ने पर रेलवे ने बढ़ाई स्पेशल ट्रेन, हजारों यात्रियों को मिलेगा लाभ

# स्पेशल ट्रेन से दीपावली और छठ पूजा में यात्रियों को मिलेगी भीड़ से राहत, अतिरिक्त कोच की भी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दिवाली और छठ पूजा पर यात्रियों की ट्रेनों में भीड़ को ध्यान में रखकर रेलवे ने आरक्षित बर्थ उपलब्ध कराने छह जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने के साथ ही चार स्थायी और चार अस्थायी अतिरिक्त कोच लगाकर राहत दी है। इन अतिरिक्त कोच के लगने से 576 यात्रियों को कन्फर्म बर्थ की सुविधा मिलने का दावा अधिकारियों ने किया है। नवरात्रि पर्व मेला, दिवाली व छठ पूजा में घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर ट्रेनों के अस्थायी ठहराव एवं कुछ ट्रेनों का विस्तार भी किया गया है। अक्टूबर में चार अतिरिक्त अस्थायी कोच 10 से 13 अक्टूबर तक बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में लगाया जाएगा, जबकि पांच से 13 अक्टूबर तक दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाया गया है। इसी तरह से छह से 14 अक्टूबर तक अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस, कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, 16 अक्टूबर को रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस, 13 अक्टूबर को कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में चार स्थायी कोच भी लगाए जा रहे हैं। इन सभी कोच से यात्रियों को कन्फर्म बर्थ की सुविधा मिलेगी।



### स्पेशल ट्रेन से भीड़ नियंत्रित करने का प्रयास

दुर्गा और छठ पूजा के दौरान छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी गई है। सावन मेले के दौरान नौ अगस्त को जहां गोंदिया-संतरागाछी स्पेशल ट्रेन चलाई गई थी। इसी तरह से चार व नौ अक्टूबर को दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन गोंदिया-संतरागाछी-गोंदिया स्पेशल दुर्गा पूजा के लिए चलाई गई। तीन व चार नवंबर को दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन गोंदिया-पटना-गोंदिया स्पेशल छठ पूजा के लिए चलेगी, जबकि तीन व चार ▸▸ शेष पेज 14 पर

## बाइक की चपेट में आकर बच्चे की मौत

**रायपुर।** पंडरी थाना क्षेत्र में बाइक की चपेट में आने से तीन साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी बाइक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, वीवी विहार कॉलोनी के पास बाइक सीजी-04 केजेड- 0988 के चालक कृष्ण कुमार शर्मा ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए मंदिर हसौद निवासी निशु नारायण वर्मा को ठोकर मार दी। मृतक के पिता पेशे से मजदूर लक्ष्मीनारायण वर्मा ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर उसका बेटा अपने अन्य भाई बहन तथा मां के साथ किराना दुकान गया था, इस दौरान कृष्ण कुमार ने लापरवाही से दोपहिया चलाते हुए उसके बेटे को ठोकर मार दी। उपचार के लिए अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने निशु को मृत घोषित कर दिया।





पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


### निजी प्रैक्टिस नहीं करने वाले चिकित्सकों को दिया जाता है नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस

# मरीज जान सकेंगे कौन से सरकारी डॉक्टर चला सकते हैं क्लीनिक और कौन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों के लिए चिकित्सा शिक्षा की वेबसाइट www.cgdme.in पर नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस अर्थात एनपीए लेने वाले चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों की सूची सार्वजनिक कर दी गई है। सूची में इस बात की जानकारी दी गई है कि उक्त चिकित्सकों द्वारा निजी प्रैक्टिस की जा रही है या नहीं। उल्लेखनीय है कि ऐसे चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षक जो निजी प्रैक्टिस नही करते हैं उन्हें शासन द्वारा वेतन के अतिरिक्त नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस भी दिया जाता है। एनपीए लेने के बाद भी निजी प्रैक्टिस करना प्रतिबंधित है और ये नियम विरुद्ध है।

- नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस लेने वाले चिकित्सकों की सूची जारी



यह सूची इसलिए जारी की गई है ताकि आमजनों को जानकारी रहे कि कौन सा चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करने के लिए पात्र है और कौन नहीं। इसलिए राज्य के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेज और डेंटल मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों द्वारा एनपीए लेने अथवा न लेने की जानकारी चिकित्सा शिक्षा की वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि चिकित्सा के क्षेत्र में जनहित का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए सुविधाओं के विस्तार के लिए ये कदम उठाए गए हैं।

### मिलती रही हैं शिकायतें

गौरतलब है कि अनुमति ना होने के बाद भी प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों के संदर्भ में कई बार शिकायतें मिलती रही हैं। कई ऐसे चिकित्सक भी रहे हैं, जो निर्धारित समय में शासकीय अस्पताल में ना होकर अपना निजी क्लिनिक चला रहे थे और वेतन भी प्राप्त कर रहे थे। सूची सार्वजनिक होने के बाद अब मरीज ऐसे चिकित्सकों के बारे में जान सकेंगे।




## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र-झारखंड के चुनाव में जाएंगे छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस-आईपीएस अफसर

**रायपुर।** महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस-आईपीएस अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है। इन अफसरों को अगले एक हफ्ते में वहां जाकर रिपोर्ट करना है। हालांकि दोनों राज्यों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग ने नहीं की है। बताया गया है कि जिन अफसरों को दोनों राज्यों में ड्यूटी के लिए बुलाया गया है, उनमें आर. प्रसन्ना, भुवनेश यादव, सीआर प्रसन्ना, जनक प्रकाश पाठक, शम्मी आबदि, शिखा राजपूत तिवारी, केडी कुंजाम, किरण कौशल, पीएस एल्मा, सारांश मित्तर, जितेंद्र कुमार शुक्ला, अभिजीत सिंह, दिव्या उमेश मिश्रा, इफ्फत आरा, पुष्पा साहू, रितेश कुमार अग्रवाल, तारण प्रकाश सिन्हा, जगदीश सोनकर, राजेंद्र कुमार, कुलदीप शर्मा और कुन्दन कुमार शामिल हैं। ये सभी आईएएस है। इनके अलावा आईपीएस अफसरों में प्रशांत कुमार ठाकुर और भोजराम पटेल के नाम शामिल हैं।

**विज्ञान भवन में होगी ट्रेनिंग** :इन अफसरों को महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव के लिए भेजने से पहले सभी को विज्ञान भवन नई दिल्ली में ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद अफसरों को अलग-अलग राज्य में चुनाव संपन्न कराने भेजा जाएगा।

### गरियाबंद एसपी बदले गए

**रायपुर।** राज्य शासन ने गरियाबंद पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम का तबादला करते हुए एएसपी सुकमा निखिल अशोक कुमार राखेचा को नया पुलिस अधीक्षक पदस्थ किया है। गृह विभाग से जारी आदेश में अमित तुकाराम को डीआईजी कांकेर पदस्थ किया गया है। वहीं उमेश कुमार गुप्ता सीएसपी बिलासपुर को एएसपी सुकमा, पूजा कुमार सीएसपी बिलासपुर को एएसपी बीजापुर पदस्थ किया गया है।

# भाजपा के सदस्य बनाने में सारे सांसद फिसड्डी, एक भी नहीं पहुंचा अपने लक्ष्य के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में सवा माह होने वाला है। इस समय में सांसद और विधायकों को दिया गया लक्ष्य प्राप्त करने में इनका पसीना छूट रहा है। सारे के सारे सांसद अब तक फिसड्डी साबित हुए हैं, कोई भी सांसद लक्ष्य के पास नहीं पहुंच सका है। एक ही सांसद 12 हजार के पार गए हैं, लेकिन इनका लक्ष्य भी अभी बहुत दूर हैं। जहां तक भाजपा के 54 विधायकों का सवाल है तो करीब एक दर्जन ही लक्ष्य को भेदने में सफल हुए हैं।

### ज्यादातर विधायक भी साबित हो रहे हैं फेल

#### तोखन साहू ही 12 हजार के पार

प्रदेश में भाजपा के दस लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद है। इनमें से एक मात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही दस हजार के पार पहुंचें हैं। इन्होंने 12 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने में सफलता प्राप्त कर ली है, लेकिन बाकी सांसद दस हजार तक भी नहीं पहुंचे हैं। महासमुंद की सांसद और सदस्यता अभियान की सदस्य रूपकुमारी चौधरी दस हजार के पास पहुंचने वाली हैं। इन्होंने 9 हजार का आंकड़ा पार कर लिया है। बाकी सांसद पांच हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके हैं।



#### ये मंत्री-विधायक लक्ष्य के पार

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरुद के अजय चंद्राकर रहे हैं। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। लेकिन सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 30 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ राजिम के विधायक रोहित साहू जहां 14 हजार के आस-पास हैं, वहीं नवागढ़ विधायक तथा खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने करीब 13 हजार सदस्य बना लिए हैं।अन्य विधायकों में प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, लखन लाल देवांगन, लक्ष्मी राजवाड़े ने भी अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। बाकी मंत्री प्रयास में लगे हुए हैं। संभावना है कि सभी मंत्री सदस्यता अभियान की तिथि समाप्त होने से पहले अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। जो विधायक लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रहे हैं, उनमें पंडरिया की विधायक भावना बोहरा, केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम, दुर्ग के विधायक गजेंद यादव, अभनपुर के इंद्रकुमार साहू, प्रतापपुर की शंकुतला पोर्ते ने भी दस हजार का लक्ष्य पार कर लिया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने रायपुर प्रवास के दौरान इस मामले में नाराजगी भी जता चुके हैं।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी अपने लक्ष्य को लेकर जुटे हुए हैं और अपने लिंक से अपने समर्थकों के माध्यम से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में ज्यादातर विधायक और सांसद अभी कौसों दूर हैं।

### 21 निरस्त एवं 11 नए अहातों के लिए खोला गया टेंडर, 13 के लिए आवेदन ही नहीं आए

# भाठागांव का साढ़े 17 लाख का अहाता 45 लाख में बिका, गंजपारा भी 15 की जगह 22 लाख में गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में निरस्त किए गए 21 अहातों सहित 11 नए अहातों का टेंडर गुरुवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन रायपुर में खोला गया। इस बार भी कई अहातों को लोगों ने महंगे में खरीद लिया है। भाठागांव विदेशी अहाता 45 लाख रुपए में सबसे महंगा बिका है, वहीं गंजपारा का अहाता भी 22 लाख 35 हजार रुपए में गया है, जबकि विभाग ने भाठागांव के लिए 17 लाख 64 हजार रुपए और गंजपारा अहाता के लिए 15 लाख 35 हजार रुपए कीमत रखी थी। आवेदकों को इस कीमत से ऊंची बोली लगानी थी। इसे देखते हुए कई लोगों ने एक बार फिर बढ़-चढ़कर बोली लगाकर काफी महंगे में अहाता ले लिया है। देखना यह होगा कि ठेकेदार महंगे में लेने के बाद इन अहातों को चला पाएंगे या नहीं, क्योंकि इससे पूर्व जिन अहातों का ठेका निरस्त किया गया है, उनमें से ज्यादातर ठेकेदारों ने अहाता चलाने से हाथ खड़े कर दिए थे। वहीं कई तो एक माह के बाद लाइसेंस फीस ही जमा नहीं कर पाए थे, जिसके कारण विभाग को उनका ठेका निरस्त करना पड़ा।

#### 19 अहाते ठेके पर गए, 13 के लिए आवेदन ही नहीं आए

आबकारी विभाग ने जिले के 32 अहातों के लिए टेंडर निकाला था। इसमें 21 अहाते पुराने जिनका ठेका निरस्त किया था, वहीं 11 नए अहातों के लिए भी आवेदन मंगाए गए थे। इन सभी अहातों के लिए आवेदन ऑनलाइन मंगाया गया था। विभाग ने टेंडर निकालने के साथ इन सभी अहातों की बोली प्राईज भी तय किया था। नियम के अनुसार इस तय बोली से ज्यादा सबसे ऊंची बोली लगाने वाले आवेदक को अहाता का ठेका दिया जाना था। टेंडर खुलने पर पता चला कि 32 में सिर्फ 19 अहातों के लिए आवेदन किए गए हैं, शेष 13 अहातों के लिए एक भी आवेदन नहीं आया है। इसके तहत 19 अहातों को सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को आबंटित किया गया।

#### कई अहाते फिर महंगे में बिके



#### आधा दर्जन अहातों के लिए सिंगल आवेदन

19 अहातों में आधा दर्जन अहातों के लिए सिंगल आवेदन आए थे। इनमें लालपुर, लखौली, डूमरतराई, खरोरा, सिलतरा एवं मांढर अहाते शामिल हैं। इसी प्रकार अन्य आवेदनों में किसी में 2, 3, 4 एवं 5 आवेदन भी किए गए थे।

#### साढ़े 5 माह का ठेका, बोली प्राइज भी कम

विभाग ने इस बार साढ़े 5 महीने के लिए अहाता का टेंडर निकाला था। ठेका 15 अक्टूबर से 31 मार्च तक के लिए है। इससे पूर्व 15 मई से 31 मार्च तक का टेंडर निकाला गया था, लेकिन जुलाई एवं अगस्त के दौरान ही 21 अहाते बंद हो गए। इसके कारण विभाग को दोबारा साढ़े 5 महीने के लिए टेंडर निकालना पड़ा। महीना कम होने के कारण अहातों की बोली प्राइज भी कम की गई थी।

#### कौन सा अहाता कितने में गया

| अहाता | बोली प्राइज | इस बोली में गया |
|---|---|---|
| विदेशी मंदिरा कचना शंकरनगर | 11,85000 | 20,65000 |
| देशी कम्पोजिट गंजपारा | 15,32000 | 22, 35000 |
| दे कम्पोजिट राजेंद्र नगर | 12, 10000 | 14,55000 |
| देशी सिलतरा | 12,46000 | 23,000,00 |
| विदेशी व्यास तालाब बिरगांव | 11, 56000 | 20,000,00 |
| विदेशी गोगांव | 16, 30000 | 18, 32,000 |
| विदेशी खमतराई | 9,63000 | 11, 88,000 |
| विदेशी माना | 5, 44000 | 6, 50,000 |
| विदेशी मंदिर हसौद | 13,36000 | 16,53,900 |
| विदेशी रायपुरा | 9, 83000 | 14, 85000 |
| विदेशी भाठागांव | 17,64000 | 45,000,00 |
| देशी कम्पोजिट भाठागांव चंगोराभाठा | 11,53000 | 14,51000 |
| देशी कम्पोजिट उरला रायपुर | 13,93000 | 16,65000 |
| देशी कम्पोजिट मांढर | 13,90000 | 14, 70000 |
| विदेशी सिलतरा | 9,4400 | 10,01000 |
| विदेशी खरोरा | 6, 95000 | 8,25000 |
| विदेशी डूमरतराई | 6, 86000 | 15,15000 |
| विदेशी लालपुर | 11,87000 | 16, 22,700 |
| देशी लखौली | 12,23000 | 13,03000 |

#### 32 में 19 अहातों के लिए आए थे आवेदन

निरस्त हुए अहातों के अलावा नए अहातों के लिए भी टेंडर निकाला गया था। इस तरह 32 अहातों के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे, जिनमें 19 अहातों के लिए ही आवेदन आए थे। सबसे ऊंची बोली के अनुसार उन्हें ठेके पर दिया गया है। शेष 13 अहातों के लिए आवेदन नहीं आए हैं, इसलिए ठेके पर नहीं जा पाए।

**-वैभव मित्तल,** सहायक आबकारी अधिकारी रायपुर

# महंत का राज्यपाल को पत्र 1000 करोड़ के धान की क्षति पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राज्यपाल रामेन डेका को पत्र लिखकर धान की सुरक्षा और रखरखाव में घोर उपेक्षा के कारण 25 लाख 93 हजार 880 क्विंटल धान खराब होने का आरोप लगाते हुए प्रकरण की जांच कराने के साथ जिम्मेदारी तय करने व समुचित कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने पत्र में कहा है कि खरीफ सीजन 2023 में 144 लाख टन से अधिक धान की खरीदी की गई थी। समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की मीलिंग कर चावल तैयार किया जाता है। मीलिंग पूर्ण होने में पर्याप्त समय लगता है, इस अवधि में धान की सुरक्षा एवं रख रखाव का उत्तरदायित्व राज्य सरकार का होता है। 2 सितम्बर की स्थिति में यह पाया गया कि कुल 25.93 लाख क्विंटल से अधिक धान की मीलिंग नहीं हो पाई थी। जांच में पाया गया कि इसमें से 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान खरीदी केन्द्रों में और 21.77 लाख क्विंटल धान राज्य सहकारी विपणन संघ के विभिन्न संग्रहण केंद्रों पर शेष बताया जा रहा है। यह पाया गया कि खरीदी केन्द्रों पर जो धान रिकार्ड में शेष दिख रहा है, पर धान है ही नहीं। संग्रहण केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे कैप कव्हर के अंदर भंडारित शेष धान बहुत खराब स्थिति में है।

#### 1073 करोड़ से अधिक की क्षति

उन्होंने बताया कि इस तरह से 25.93 लाख क्विंटल धान 4000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 1037 करोड़ 55 लाख रुपए का होता है, जो खराब हो चुका है। यह क्षति सुरक्षा और रखरखाव में घोर उपेक्षा के कारण हुई है। उन्होंने राज्यपाल से पूरे प्रकरण की जांच कराने के साथ जिम्मेदारी तय कर अपने स्तर पर समुचित कार्रवाई का आग्रह किया है।





## मूणत ने किया सामुदायिक भवनों का लोकार्पण

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने संत रविदास वार्ड में विधायक निधि से नवनिर्मित 4 सामुदायिक भवनों का लोकार्पण किया। इस मौके पर वार्ड पार्षद राजेश सिंह ठाकुर, रजयंत सिंह ध्रुव, हरदिहा साहू समाज विश्कर्मा समाज, सोनकर समाज, झेरिया साहू समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निधन

### इंदर कुमार खत्री



**रायपुर।** ईदगाहभाठा निवासी इंदर कुमार खत्री का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 अक्टूबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सन्नी खत्री के पिता और मोहनलाल खत्री के भतीजे थे।

### चांदरतन माहेश्वरी



**रायपुर।** श्रीराम नगर निवासी, बैंक से सेवानिवृत्त अधिकारी चांदरतन माहेश्वरी का 9 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे संदीप एवं रविंद्र माहेश्वरी के पिता थे।

### ज्ञानचंद वाधवानी



**रायपुर।** महावीर नगर निवासी ज्ञानचंद वाधवानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे शंकर, विक्की और राहुल वाधवानी के पिता थे।

# सरिया की कीमत में लगी आग, सीमेंट के दाम फिर बढ़ाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में मानसून के कारण निर्माण के सारे काम बंद थे, लेकिन अब मानसून की विदाई की वेला में नवरात्रि से निजी और रीयल एस्टेट के काम प्रारंभ हो गए हैं। ऐसे में सरिया की कीमत में जहां आग लग गई है, वहीं सीमेंट के दाम फिर से बढ़ाने की तैयारी है। हालांकि प्रदेश सरकार ने सीमेंट कंपनियों से साफ कह दिया है कि दाम बढ़ाने से पहले जानकारी देनी होगी और मंजूरी के बाद ही दाम बढ़ाने होंगे। लेकिन सीमेंट कंपनियां सरकार की बात मान ही नहीं रही हैं। सरकार के कहने के बाद भी जहां नान ट्रेड सीमेंट के बढ़े हुए पूरे दाम वापस नहीं लिए गए हैं, वही खुले बाजार का सीमेंट भी 5 रुपए ज्यादा है।

मानसून में बारिश के कारण बीते चार माह से निर्माण कार्यों पर लगभग ब्रेक लगा हुआ था। ऐसा होने से डिमांड न होने के कारण सरिया और सीमेंट की कीमत कम थी, लेकिन बीच-बीच में कीमतों को बढ़ाने का काम भी किया जा रहा था, लेकिन डिमांड न होने के कारण कोई फर्क नहीं पड़ रहा था। अब जबकि वापस काम प्रारंभ हो गया है और डिमांड वापस आने लगी है तो कीमतों को बढ़ाने का काम प्रारंभ हो गया है।

## नवरात्रि से काम प्रारंभ होते ही बढ़ने लगे दाम

### सीमेंट के दाम 20 रुपए बढ़ाने की तैयारी

सीमेंट कंपनियों ने डिमांड न होने के बाद भी कीमत में 50 रुपए का इजाफा बीते माह कर दिया था। इसका चौतरफा विरोध होने पर प्रदेश सरकार ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया तो सीमेंट कंपनियों ने खुले बाजार के दाम तो करीब 45 रुपए कम कर दिए हैं, लेकिन नान ट्रेड सीमेंट के दाम में 30 रुपए की ही कमी की है। 20 रुपए दाम अब कंपनियां कम नहीं कर रही हैं। इधर डिमांड को देखते हुए कंपनियों ने खुले बाजार का सीमेंट 20 रुपए महंगा करने की तैयारी कर ली है। डीलरों को मैसेज किया जा रहा है कि एक-दो दिन में कीमत में इजाफा कर दिया जाएगा। इस समय सीमेंट की कीमत थोक में 250 से 300 रुपए प्रति बोरी है। आने वाले समय में चिल्हर में कीमत साढ़े तीन सौ के पार जाने की संभावना है।



### सरिया 58 से 60 हजार

सरिया की कीमत करीब छह हजार रुपए बढ़ गई है। जहां लोकल सरिया की कीमत इस समय 58 हजार रुपए टन जीएसटी के साथ है, वहीं लोकल में ब्रांडेड सरिया की कीमत 60 हजार रुपए हो गई है। मानसून के समय सरिया की कीमत 50 से 52 हजार रुपए थी। कारोबारियों के मुताबिक आने वाले समय में डिमांड बढ़ने से कीमत में और इजाफा हो सकता है।

## सालाना टारगेट 1 हजार करोड़ रुपए का

# नवरात्रि के मुहूर्त में 5 दिन में 22 करोड़ से ज्यादा की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शारदीय नवरात्रि के मुहूर्त में इस बार 22 करोड़ रुपए से भी ज्यादा की रजिस्ट्री हुई है। नवरात्रि के पांच दिन के दौरान रायपुर पंजीयन कार्यालय में 1018 रजिस्ट्री हुई है, जो पिछले साल की तुलना में जरूर कम है, क्योंकि एक दिन की कमाई इसमें और जुड़ेगी। पंजीयन कार्यालय में गुरुवार को रजिस्ट्री से कितनी आय हुई है, इसका आंकड़ा विभागीय अधिकारियों ने एक दिन बाद देने की बात कही। अधिकारियों का कहना है कि इस नवरात्रि में प्रतिदिन औसतन 265 रजिस्ट्री हुई है, जिससे करीब साढ़े चार करोड़ रुपए प्रतिदिन रजिस्ट्री हुई है। इस तरह एक दिन की रजिस्ट्री का और आंकड़ा जोड़ें, तो कुल आंकड़ा संभावित 26 करोड़ रुपए से ज्यादा होगा है।

- 6 महीने में 40 प्रतिशत के करीब पहुंचा लक्ष्य

**नवरात्रि में इस बार 6 दिन ही खुला पंजीयन कार्यालय-** नवरात्रि में इस बार 3 दिन अवकाश में चले गए। 3 तारीख से शुरू हुई नवरात्रि के दो दिन बाद शनिवार और रविवार को अवकाश रहा, वहीं 11 अक्टूबर को महानवमी पर सरकारी अवकाश घोषित किया गया है। इस तरह इस बार नवरात्रि में 6 दिन ही पंजीयन कार्यालय खुला रहा। पंजीयन कार्यालय में जरूर 3 दिन अवकाश रहा, लेकिन इसके बाद भी अन्य दिनों में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने वालों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम रही। पिछले वर्ष नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन तीन सौ रजिस्ट्री हुई थी।



### 1318 रजिस्ट्री में पंजीयन शुल्क साढ़े 8 करोड़ से ज्यादा

नवरात्रि के 5 दिन के दौरान 1318 रजिस्ट्री हुई है। इस रजिस्ट्री से पंजीयन शुल्क के रूप में 8 करोड़ 71 लाख 25 हजार 262 रुपए तथा मुद्रांक शुल्क से 13 करोड़ 37 लाख 10 हजार 567 रुपए विभाग को प्राप्त हुए हैं। इस तरह कुल 22 करोड़ 8 लाख 35 हजार 829 रुपए की रजिस्ट्री हुई है।

### टारगेट के 40 प्रतिशत के करीब पहुंचा आंकड़ा

पंजीयन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में रायपुर जिले को एक हजार करोड़ रुपए की रजिस्ट्री का टारगेट दिया हुआ है। अधिकारियों के अनुसार इस टारगेट की तुलना रजिस्ट्री का आंकड़ा 40 प्रतिशत के करीब पहुंच चुका है। अधिकारियों का कहना है कि पितृ पक्ष एवं त्योहारी छुट्टियों के कारण टारगेट में कुछ मामूली गिरावट आई है, लेकिन आगामी दिनों में दीपावली त्योहार है। इस त्योहार में 7 महीने के टारगेट से ज्यादा रजिस्ट्री होने की संभावना है।

### आंकड़ा संभावित 26 करोड़

नवरात्रि के शुभ मुहूर्त में 5 दिन में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की रजिस्ट्री हुई है। इसमें एक दिन रजिस्ट्री की आय और जुड़ेगी, जिससे आकड़ा संभावित 26 करोड़ या उससे ज्यादा भी हो सकता है।
- **विनोज कुमार कोचे,** पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर

# जल आवर्धन योजना की समीक्षा, दिसंबर तक क्लोजर रिपोर्ट बनाने अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम में 104 करोड़ की जल आवर्धन योजना अभी तक पूरी नहीं हुई है। जिस प्रोजेक्ट को मार्च 2023 में पूरा करना था, वह दो बार समय बढ़ाने के बाद भी अधूरा है। प्रोजेक्ट में विलंब को देखते हुए गुरुवार को महापौर नंदलाल देवांगन ने समीक्षा बैठक की। इसमें निर्माण एजेंसी को दिसंबर तक बचे हुए काम को पूरा करने के साथ ही अब क्लोजर रिपोर्ट बनाने के लिए अधिकारियों को भी निर्देश दिया है। जल प्रदाय विभाग के अध्यक्ष इकराम अहमद ने बताया की 10 अक्टूबर को महापौर नंदलाल देवांगन ने खारून नदी से विद्यमान जल आवर्धन योजना के उन्नयन के लिए हो रहे कार्यों की प्रगति का अवलोकन करने के बाद समीक्षा की। इंटेकवेल, फिल्टर प्लांट,प्रस्तावित पानी टंकियों के साथ ही पाइप लाइन विस्तार का स्थल निरीक्षण किया। साथ ही वार्ड 16,17,18 व 23,24,25, 26 एवं वार्ड क्रमांक 38 में हो रही पानी की समस्या के बारे में जल प्रदाय प्रभारी डीएल से अपडेट लिया।



## विधायक साहू ने किया भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 8 स्थानों पर विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर 82 लाख रुपए से अधिक के नए विकास कार्यों का पार्षद विश्वदिनी पांडे सहित जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सहित गणमान्यजनों की उपस्थिति रही। वीवी विहार गली नंबर-1 में नाली निर्माण,आदर्श नगर गली नंबर 8 व 9 में सड़क निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं।









ग्रैंड इम्पीरिया

## हरिभूमि-आईएनएच के रास गरबा में छलका उत्साह, ग्रैंड इम्पीरिया, ललित महल व अवधपुरी में भव्य आयोजन

# चोगाड़ा तारा...

हरिभूमि-आईएनएच द्वारा ग्रैंड इम्पीरिया, अवधपुरी और ललित महल में आयोजित रास गरबा में कश्मीरी, राजस्थानी पोशाक में ही नहीं बल्कि श्रीकृष्ण, भारत माता, रावण और मेघनाथ के वेश में भी युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। होटल ग्रैंड इम्पीरिया में कई कैटेगरी में अवार्ड दिए गए।


ललित महल


अवधपुरी मैदान

**रायपुर।** रास गरबा के दौरान बेस्ट कपल अंकित-सौम्या को चुना गया। हर्ष सागर के साथ बेस्ट ड्रेस विक्की चंद्राकर, मुस्कान आहुजा को चुना गया। बेस्ट प्ले गरबा में निधि गोपिचन्दानी, समर मेधानी, अंकित शादीजा, खुश निमानी सहित 20 से ज्यादा लोगों को विजेता घोषित किया गया। प्रायोजक एसएन मोटर्स के नितिन कृष्नानी और आयोजक अनिल जोतसिंघानी संग चेंबर अध्यक्ष अमर परवानी, आनंद कुकरेजा, साक्षी सिंह और योगेश सैनी भी मंचस्थ रहे।



### साउथ इंडियन एक्ट्रेस ने की शिरकत

गुंजन्स आयोजन द्वारा ललित महल में हरिभूमि के साथ गरबा का आयोजन किया जा रहा है। ओपन एंट्री होने से लोग इसमें उत्साह से लोग शामिल हो रहे हैं। गुरुवार को रास गरबा में साउथ इंडियन एक्ट्रेस चन्द्रशिखा सेलिब्रिटी के रूप में शिरकत करने पहुंची। प्रोग्राम संचालिका गुंजन चौहान ने बताया कि ढोलिडा 2024 का यह तीसरा संस्करण है। इस बार भी हरिभूमि प्रिंट मीडिया पार्टनर है। श्रुति जैन, डॉली साहू, सृष्टि दूबे, अभिजीत तिवारी व अन्य शामिल रहे।

### रतन टाटा को दी गई श्रद्धांजलि

गरबा के मध्य उद्योगपति रतन टाटा को 30 सेकंड का मौन रखते हुए हजारों लोगों ने एक साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ उनसे जुड़ी कुछ यादें भी साझा की गईं। इसके बाद फिर से रास गरबा का दौर शुरू हुआ, जो शासन द्वारा तय समय तक जारी रहा। इसके बाद प्रोग्राम को विश्राम दिया गया।

### पंथी, सुआ गीतों से सजा रास गरबा

अवधपुरी मैदान में इस बार पारंपरिक पहनावे में छत्तीसगढ़ी थीम पर रास गरबा का आयोजन राजधानी रास गरबा उत्सव समिति के अध्यक्ष हनी बग्गा और कांक्रीट टीएमटी डायरेक्टर अंकित जिंदल के प्रयास से किया गया। इसमें कर्मा, पंथी, सुआ गीतों पर युवाओं की टोली ने रंग जमाया। विजेताओं को शुक्रवार रात इनाम दिया जाएगा। यहां प्रवेश निशुल्क रहा। युवाओं को परंपरागत माहौल में परिवार संग ही प्रवेश दिया गया। हरिभूमि के इस रास गरबा में भक्ति के साथ ही परंपरा की झलक देखने को मिली। हरिभूमि यहां मीडिया पार्टनर रहा।


ग्रैंड इम्पीरिया




अवधपुरी मैदान


ग्रैंड इम्पीरिया


ललित महल

**सिटी इवेंट**

## शहर के युवा चलाएंगे स्वर्ग रथ गरीब जरूरमंदों की करेंगे मदद



**रायपुर।** "कुछ फर्ज हमारा भी" स्वास्थ्य अभियान के तहत रायपुर शहर में शव को सम्मानपूर्वक ले जाने के लिए 'स्वर्ग रथ' वाहन का शुभारंभ किया गया है। गुरुवार को संस्था कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में, यह वाहन स्वर्गीय नरेश मित्तल की स्मृति में समाजसेवा के लिए समर्पित किया गया। इस अवसर पर रोहित मित्तल व इकू मित्तल जी ने हरि झंडी दिखाकर वाहन को जरूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित किया। संस्था संस्थापक एवं अध्यक्ष नितिन सिंह राजपूत ने बताया कि यह वाहन जरूरत पड़ने पर उपलब्ध रहेगा और जरूरतमंदों को केवल 500 रुपए शुल्क पर सेवा दी जाएगी।

### संवेदना संग सहयोग का संकल्प

"स्वर्ग रथ" की यह सेवा शहरवासियों को सम्मान और संवेदना के साथ अंतिम यात्रा में सहायता प्रदान करेगी। गौरतलब है कुछ फर्ज हमारा भी संस्था में शहर के युवा जुड़े हुए हैं। उनके द्वारा समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया जाता रहा है। अंतिम यात्रा में भी लोगों का सहयोग करने का निर्णय लिया गया है। संस्था सदस्यों ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि वे मुश्किल वक्त में लोगों का सहयोग संवेदना के साथ कर सकें।

**कैंपस इवेंट**

## कक्षा में सकारात्मक माहौल बनाना शिक्षकों की जिम्मेदारी



**रायपुर।** क्लास रूम में शिक्षक प्रवेश करे तो विद्यार्थियों से बातचीत करते रहें। कक्षा में प्रशिक्षण के दौरान एक सकारात्मक माहौल बनाए रखें, जिससे छात्रों को पढ़ाई संबंधित जानकारी बातों के माध्यम से बताई जा सके। यह कहना था मोटिवेशनल स्पीकर मुकेश शाह का, जिन्हें 'ट्रेन द टीचर्स' प्रशिक्षण कार्यक्रम में व्याख्याता के रुप में आमंत्रित किया गया था। गुढ़ियारी स्थित डॉ. राधाकृष्णन विद्यालय द्वारा शिक्षकों के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में 6 विभिन्न स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

### तारीफ से बढ़ता है छात्रों का मनोबल

व्याख्यान के दौरान उन्होंने कहा, छात्रों की अच्छी आदतों व कार्यों के लिए तारीफ जरुर करें। ऐसा करने से विद्यार्थियों को मनोबल बढ़ता है और वे पढ़ाई व अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहित होते हैं। कक्षा में लगातार चिल्लाने, डांटने, नकारात्मक बात करने, छात्रों की कमियां बताने एवं गुस्सा करने से विद्यार्थी अध्ययन के लिए सहज नहीं हो पाते। नई सोच व ऊर्जा के साथ कार्य करने की आदत बनाना शुरु करें, शिक्षक अपनी रचनात्मकता से विद्यार्थियों के लिए एक आदर्श शिक्षक बनता है। डॉ. राधाकृष्णन स्कूल के संचालक कृष्णकांत साहू, सांई विद्यालय की प्राचार्य सुषमा दुबे, लक्ष्य किड्स स्कूल की प्राचार्य पिंकी देवांगन भी आयोजन में शामिल हुईं।

**इवेंट लाइव**

## मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होने पर ही लड़ सकते हैं लड़ाई



**रायपुर।** सांस्कृतिक विवेकानंद उत्कर्ष परिषद द्वारा 'वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे' पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में एक विशेष मेंटल हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूपीएससी और पीएससी की तैयारी करने वाले युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व संबंधित जानकारी दी गई। इस दौरान गांधी के विचारों को उदाहरण स्वरुप बताया गया। उन्होंने बताया कि गांधी अपने मन को शांत रखते थे और जीवन की विभिन्न कठिन परिस्थितियों का सामना करते थे। हमेशा अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए कई तरह की थैरेपी

संस्था की अध्यक्ष दीप्ति दुबे ने 'राइट टू बर्न' थेरेपी के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, इस थैरेपी के माध्यम से नकारात्मक विचारों को लिखकर उन्हें समाप्त किया जा सकता है, जिससे मानसिक शांति प्राप्त होती है। दीप्ति ने युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत रखने के लिए ध्यान, व्यायाम और सकारात्मक सोच को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सायकोलाजिस्ट प्रियंका, डेविड, सुषमा उपस्थित रहे। सभी ने परिसर में उपस्थित प्रतिभागियों संग विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए।

**कार्नर न्यूज**

### राजधानी के रविवि परिसर स्थित बंजारी मंदिर से जुड़ी हैं कई मान्यताएं

# दुर्लभ है स्वयंभू उत्तर मुखी बंजारी माता के गर्भगृह का वास्तु

**रायपुर।** शहर में कई प्रसिद्ध देवी मंदिर हैं। इनमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वयंभू बंजारी मंदिर का गर्भगृह भी कई कारणों से खास महत्व रखता है। मनोकामना सिद्धि दिलाने वाले मंदिर से लोगों की गहरी आस्था है। मनौती के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। मान्यता है कि माता रानी भक्तों के कष्ट दूर करके उनकी झोली खुशियों से भरती हैं। इस मंदिर के मुख्य पुजारी पं. मुकेश शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में बहुत ही कम ऐसे देवी मंदिर हैं, जहां स्वयंभू मां का गर्भगृह वास्तु के लिहाज से सिद्धिकारी हो और प्रतिमा समय के साथ धीरे-धीरे बड़ा स्वरूप ले रही हो। जहां अभी गर्भगृह है, वहां सुपाड़ी के आकार में माता ने करीब 150 साल पहले दर्शन दिए थे। इसके बाद से माता का स्वरूप हर साल बढ़ रहा है।

**मंदिर और वास्तु**



### इस मंदिर का वास्तु भी दुर्लभ

मुख्य पुजारी ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण किसी राजा ने नहीं करवाया। निर्माण के समय वास्तु का ध्यान भी नहीं रखा गया। इसके बाद भी स्वयं-भू बंजारी माता मंदिर और गर्भगृह दुर्लभ है। दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु पूर्व दिशा में स्थित प्रवेश द्वार से आने के बाद पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हैं। माता के गर्भगृह में माता का श्रीमुख उत्तर दिशा में होने से श्रद्धालुओं की मनोकामना सिद्धि के लिए उत्तम फलकारी है। यही वजह है कि जहां पहले कम ज्योत प्रज्ज्वलित होती थी, वहीं इस बार 1392 ज्योति माता के धाम में जगमगा रही है।



### बंजारा जाति की हैं कुलदेवी

बंजारी माता को बंजारा जाति के लोगों की कुलदेवी के रूप में भी जाना जाता है। बंजारा समुदाय के लोग यहां अपनी तिथि-नक्षत्र के अनुसार विशेष पूजा-अर्चना करते थे। उनकी पूजा-अर्चना भी आकर्षण का केंद्र होती थी। समय के साथ आराध्य देवी किसी एक जाति व समाज की जगह सर्व मानव जाति की हो गईं। अन्य राज्यों से भी दर्शनार्थी पुण्य लाभ लेने के लिए परिवार के साथ आते हैं। इसे देखते हुए सुविधा भी बेहतर की गई है।

### प्रासंगिक है मंदिर का इतिहास

मंदिर के पुजारियों की मानें तो पुरातन काल में मां बंजारी ने यहां रहने वाले बैगाओं और ग्रामीणों को स्वप्न दिया था। स्वप्न में मां ने गांव की भिरहा मिट्टी और झाड़ियों के नीचे होने की बात बताई थी। इसके बाद ग्रामीण उस जगह पर गए और वहां साफ-सफाई की तो सुपाड़ी में तिलक लगी माता की प्रतिमा दिखाई दी। इसके बाद इस प्रतिमा की स्थापना की गई और पूरे विधि-विधान से पूजा-पाठ किया गया। तब से यह मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर का संचालन रविवि प्रबंधन करता है।

## दुर्गोत्सव 2024


उत्कल दुर्गा उत्सव समिति रामकुण्ड उत्कल बस्ती


बालदुर्गोत्सव समिति, बजरंग चौक लोहार पारा, छतौना


दुर्गोत्सव समिति, शाश्वत नगर


एकता युवा दुर्गोत्सव समिति, पटेल चौक टिकरापारा


युवा दुर्गोत्सव समिति, कटोरा तालाब


नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, गोवर्धन चौक, राजेंद्र नगर


जय अंबे दुर्गोत्सव समिति, भारगोव राज कॉलोनी, सिविल लाइन


श्रद्धा सबरी दुर्गोत्सव समिति, श्रद्धाचौक, गोपाल नगर



# 80 फीसदी भंडारे में प्लास्टिक की जगह दोना पत्तल का इस्तेमाल, 50 लाख से अधिक की बिक्री

**रायपुर।** दुर्गा अष्टमी-नवमी के अवसर पर आज शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व मंदिरों में भंडारा का आयोजन किया गया है। इस बार विभिन्न समितियों ने पर्यावरण बचाने के लिए मिट्टी के बर्तनों के साथ दोना-पत्तल का उपयोग करने का संकल्प लिया है। दुकानदारों का कहना है कि इस नवरात्रि में 20 प्रतिशत लोगों ने भंडार के लिए प्लास्टिक की छोटी कटोरी और गिलास खरीदा है। 80 फीसदी लोगों की मांग दोना-पत्तल ही रही है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के पत्तल थोक व्यापारी आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि एक समिति लगभग 15 से 20 हजार दोना पत्तल भंडार के लिए खरीदती है। अभी तक राजधानी में 50 लाख नग दोना व पत्तल की बिक्री हो चुकी है। पत्तल को गड्ढे में डालकर हमेशा के लिए नष्ट किया जा सकता है, लेकिन प्लास्टिक को जलाने से पर्यावरण दूषित होता है। व्यापारी का कहना है कि पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक बिक्री हुई है। भंडारे के लिए दोना और पत्तल ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लिया है।



### खाने-पीने के लिए सिर्फ मिट्टी के बर्तनों


कुशालपुर स्थित मां अंबे दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस बार 8 हजार लोगों के भंडारे में खाने-पीने के लिए सिर्फ मिट्टी के बर्तनों का ही इस्तेमाल किया जाएगा। भंडारे के मुख्य आयोजक प्रज्ज्वल तिवारी ने बताया कि पिछले कई साल से प्लास्टिक खाने की वजह से गायों की मृत्यु को देख रहे हैं। इसलिए तय किया कि प्लास्टिक के बजाय मिट्टी के बर्तनों का इस्तेमाल करेंगे। यहां के समिति में 2012 से हर साल भंडारा होता है। मिट्टी का बर्तन टूट जाए तो उसे गड्ढे में डाल देते हैं। भंडारे में किसी भी तरह का प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे।

### पानी पाउच की जगह गिलास में पिलाएंगे पानी

कटोरा तालाब स्थित मां दुर्गा समिति बीते 15 सालों से अष्टमी भंडारे का आयोजन कर रही है। समिति के अध्यक्ष नवीन चंद्रवंशी ने बताया कि भंडारे में लगभग 20 हजार से अधिक लोगों के लिए भोजन बन रहा है। पीछे दो सालों से पत्तल का उपयोग भोजन परोसने के लिए किया जा रहा है। इस बार पानी पाउच की जगह पर लोगों को गिलास में पानी पिलाएंगे। पत्तल सड़कों में ना जाए, इसलिए विशेष ध्यान रखा जाएगा। समिति भंडारा खत्म होने के बाद पूरी सफाई भी करेगी।

### घरों में भी पत्तल को प्राथमिकता

पर्यावरण बचाने को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। यही वजह है कि इस बार घरों में पूजा व भोज के लिए भी लोगों ने पत्तल को पहली प्राथमिकता में रखा है। दुकानदारों का कहना है कि पत्तल और प्लास्टिक की कीमत में 10 से 15 रुपए का फर्क बंडल में होता है। पत्तल की मांग बढ़ने के अब बाजार में थाली, कटोरी भी विभिन्न आकार में उपलब्ध है। कई मंदिरों में प्लास्टिक का उपयोग भंडारे में पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।


*परंपरानुसार सप्तमी के मौके पर सत्ती बाजार स्थित अंबा देवी मंदिर में महाआरती हुई। जहां सैकड़ों की संख्या में महिलाएं थाल सजाकर पहुंची। भव्य आरती उनके द्वारा की गई।*

छत्तीसगढ़ हाथकरघा प्रदर्शनी

# जूट से बनाए लैपटॉप बैग और आकर्षक स्वरूप देने हाथों से पेंटिंग

**रायपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा 'छत्तीसगढ़ हाथकरघा' वस्तु एवं वस्त्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। 6 अक्टूबर से आयोजित प्रदर्शनी का समापन 13अक्टूबर को किया जाएगा। शहर स्थित बीटीआई ग्राउंड के सामने सिंधु पैलेस में यह आठ दिवसीय प्रदर्शनी लगी है। आयोजन के प्रबंधक पीएन चुरेन्द्र ने बताया, परिसर में लगभग 15 स्टॉल सजाए गए हैं। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में केवल बुनकरों को आमंत्रित किया गया है। सभी स्टॉल में हैंडमेड वस्तुएं व कपड़े उपलब्ध हैं। इसमें जांजगीर-चांपा, रायगढ़ व सारंगढ़ के बुनकरों ने कोसा, सिल्क व जूट आर्ट का स्टॉल सजाया है।





### आदिवासी संस्कृति को दे रहे बढ़ावा

स्टॉल संचालक उमेश रायकवाड़ ने बताया, दुकान में जूट आर्ट की वस्तुएं मौजूद हैं। जिसे व्यक्ति रोजाना दिनचर्या में उपयोग कर सकता है। हैंडमेड वस्तुओं में विभिन्न प्रकार के पर्स, फाइल होल्डर, बैग, लैपटॉप बैग, टिफिन व बॉटल बैग भी हैं। जिसे आकर्षक रुप से सजाने के लिए पेंटिंग भी की गई है। इसमें आदिवासी संस्कृति को दर्शाया गया है। दुकान में मौजूद वस्तुओं की कीमत 80 रुपए से शुरु है।

### कोसा निर्माण की प्रक्रिया की प्रदर्शनी

प्रदर्शनी में एक स्टॉल कोसा के निर्माण प्रक्रिया को दर्शाने के मुख्य उद्देश्य के साथ लगाया गया है। जिसमें कोसा के विभिन्न प्रकार व कोसा के शुरुआती से लेकर साड़ी बनाने तक की प्रक्रिया को लोगों के बीच प्रदर्शित किया गया है। इसमें कोसा से धागा निर्माण के लिए टसर बुनियाद मशीन को लाया गया है। इसमें रैली पोली कोसा, डाबा पालित कोसा, टसर रैली साबुत, मलबरी पाली मैसूर, मलबरी सफेद कोसा व मलबरी रंगीन कोसा के विभिन्न प्रकार को प्रदर्शनी के लिए सजाया गया है।

# अष्टमी-नवमी की युति में हवन

**रायपुर।** माता की आराधना के लिए विशेष माने जाने वाले शारदीय नवरात्र के चलते प्रतिपदा तिथि से ही शहर में आस्था का माहौल रहा। आज सभी देवी मंदिरों में अष्टमी व नवमी की युति में शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक मंत्रोच्चार की गूंज रहने वाली है। इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने तैयारी करने के साथ ही मनोकामनना ज्योत जलवाने वाले श्रद्धालुओं को हवन के समय की जानकारी दी है, ताकि लोग हवन में पूर्णाहुति देने परिवार के साथ सहभागी बन सकें। इसके लिए गुरुवार की रात में ही हवन सामग्री तैयार कर ली गई है। मंदिरों में भक्तों को हवन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### कहां, कितने बजे हवन

**महामाया मंदिर** : प्रातः 9 बजे आराधना, 10 बजे से हवन विधान
**शीतला मंदिर पुरानी बस्ती** : सुबह 9 बजे
**आकाशवाणी काली माता मंदिर** : दोपहर तीन बजे
**कंकाली मंदिर** : सुबह 11 बजे
**दंतेश्वरी मंदिर** : सुबह 10.30 बजे
**बंजारी मंदिर, रावांभाठा** : सुबह 8 बजे
**बंजारी माता मंदिर, रविवि** : सुबह 10 बजे

### यहां सुबह शुरू होगी पूजा

पुरानीबस्ती स्थित महामाया मंदिर के पुजारी मनोज शुक्ला व शीतला मंदिर के पीठाधीश्वर पं. नीरज सैनी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार अष्टमी व नवमी संधी बेला यानी सुबह 9 बजे हवन से पहले विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ माता की आराधना होगी। इसके बाद 10 से दोपहर एक बजे के बीच हवन का विधान पूरा किया जाएगा। रविवि परिसर स्थित मां बंजारी मंदिर के पुजारी मुकेश शुक्ला ने बताया कि हवन परंपरा के तहत अष्टमी व नवमी की युति में सुबह 10 बजे हवन शुरू किया जाएगा। इसी तरह बंजारी मंदिर रावांभाठा में सुबह 8 बजे से हवन का विधान शुरू होगा।


छत्तीसगढ़ युवा दुर्गोत्सव समिति, अमृत चौक


जय मां तुलसी दुर्गोत्सव समिति, तुलसीनगर, गुढ़ियारी


मित्रता युवा दुर्गोत्सव समिति, टिकरापारा

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ॐ सांई कार्पोरेशन
RICHFORD
आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बिजली बिल लायें और ई-रिक्शा ले जायें
0% DOWN PAYMENT
टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की एक्सचेंज सुविधा
1 टन कैपेसिटी
कुशालपुर चौक, नियर देवी हॉस्पीटल, रायपुर (छ.ग.)
ब्रांच ऑफिस : JOHN DEERE TRACTORS के बाजू, दुर्ग रोड, पाटन
Mob.: 7722928239

मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ
प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ
सोफा कमबेड बीन बैग
EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/-
मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
Mattress 30 से 50% लेस
रुई गद्दा 220/- रुई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रुई गद्दा 4x6=600/-
संजय रुई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

करन मोटर्स
CITYLIF
ई-रिक्शा
बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई-लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
मात्र 10,000 रुपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
लिथियम बैटरी की पावर के साथ (सिंगल बैटरी)
3 साल की वारंटी (मेंटेनेंस फ्री)
ना कोई पानी डालने का झनझट, ना कोई टेंशन
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ करन मोटर्स पर
एक बार चार्ज होने पर 80-130 किमी. चलती जाएं...
करन मोटर्स
• स्टेशन रोड गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर
• हिल्सं होटल के पास, राम नगर, रायपुर
मो.: 9826777050, 9584500013

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000
₹ 95,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

CCTV
Biometrics
Fire Safety
Video Conf.
Networking & IT Solutions
Vehicle Traking
Fire Detection
Boom Barrier Gate Automn
Audio Conf
Smart Class Set up
Walky Talky
Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

FESTIVE SPECIAL OFFER
Bedsheet Factory
मानसरोवर
COMFORTER सिंगल बेड ₹ 229/-
COMFORTER डबल बेड ₹ 319/-
*GST APPLICABLE
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
78800-02711, 78800-02704
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलब, रायपुर 78800-02708

## खबर संक्षेप



### सूने मकान में तोड़फोड़

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने चाचा के सूने मकान में चोरी करने की नीयत से घर में तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, डगनिया निवासी महेश साहू ने शिकायत दर्ज कराई है। महेश ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा का मकान रोहिणीपुरम में है। उसके चाचा भोपाल गए हुए हैं। महेश को अपने पड़ोसी के माध्यम से पता चला कि अज्ञात चोर उसके चाचा के मकान में चोरी की नीयत से घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसा और घर में लगी खिड़की का कांच तोड़ने के साथ अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया है। हालांकि चोर ने घर में किसी तरह की चोरी नहीं की है।

### चाकू से जानलेवा हमला फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पिछले महीने मामूली बात में चाकू से जानलेवा हमला करने के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पवित्रो यादव तथा उसके साथियों पर आपसी रंजिश के चलते चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में सुमेध कुमार हुमने उर्फ सुमेर को गिरफ्तार किया है। सुमेध ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 24 सितंबर को पवित्रो तथा उसके अन्य साथियों पर संत ज्ञानेश्वर स्कूल मैदान के पास चाकू से हमला किया था।

### मुख्य मार्ग से हटाये ठेला-गुमटी

**रायपुर।** नगर निगम अमले ने अमलीडीह मुख्य मार्ग में सड़क घेरकर लगाये गये ठेलों, गुमटियों को हटाने अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों में डस्टबिन नही रखने और कचरा फैलाने वालों से जुर्माना वसूला गया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही जोन 10 के जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राजभोग रेस्टोरेंट में गंदगी पाये जाने और सड़क मार्ग पर पार्किंग करने पर 15 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। इसी तरह हैलो ममोस के संचालक को सफाई में कोताही के लिए चेतावनी देते हुए 2 हजार रुपये का जुर्माना किया।

### आक्सीजोन एरिया बनेगा जोरा का पुराना तालाब

**रायपुर।** राजधानी के जोरा क्षेत्र स्थित पुराना तालाब को संवारा जाएगा। इसे आक्सीजोन एरिया के रूप में विकसित करने जोन स्तर पर कार्य करने की तैयारी है। निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा नेएमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार और जोन 2 जोन कमिश्नर डॉ. आर.के. डोंगरे की उपस्थिति में तालाब क्षेत्र का भ्रमण किया। श्री मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान जोन अधिकारियों को जोरापारा के पुराने तालाब को पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से आक्सीजोन एरिया के रूप में सुन्दर तरीके से विकसित करने निर्देश दिये है। विदित हो पुराना तालाब देखरेख के अभाव में पट चुका है। तालाब में गंदा पानी न जाए इसके लिए चारों ओर नालियां बनाई गई है। निगम आयुक्त ने जोन के अधिकारियों को नए सिरे से इसका प्रस्ताव बनाने निर्देशित किया है।

### गांजा का सौदा करते तस्कर सहित क्रेता गिरफ्तार



**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने की पुलिस ने ओडिशा से गांजा बेचने रायपुर आए तस्कर तथा गांजा खरीदने आए तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक ओडिशा, भवानीपटना से गांजा बेचने आए प्रदीप द्विवेदी तथा गांजा खरीदने आए सिविल लाइंस थाना क्षेत्र निवासी उधव तांडी, आजाद चौक निवासी शुभम शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ढाई लाख रुपए कीमत का साढ़े 12 किलो गांजा जब्त किया है।

# सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड से निकाला गया 1.50 लाख मीट्रिक टन दबा कूड़ा-करकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर दशकभर से दबे 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट को निकालकर उसकी छंटाई करने का काम ठेका एजेंसी ने एक बार फिर शुरू कर दिया है, बारिश के सीजन में पानी भरने से 3 माह तक काम बंद रहा। लैंडफिल साइट से अब तक 1.50 लाख मीट्रिक टन दबे हुए कूड़ा करकट को निकालकर समतलीकरण किया गया है। इससे करीबन 12 एकड़ एरिया क्लीयर हो गया है, जबकि बाकी के 12एकड़ एरिया में दबे कूड़ा करकट की खुदाई कर कचरा निकालने और ढेरी बनाकर उसकी छंटाई करने का काम अभी बाकी है।साइट पर अनुबंधित एजेंसी ने 3 मशीनें लगाई है।

## बारिश खत्म होते ही अनुबंधित एजेंसी ने शुरू कराया काम, 3 मशीनें लगाई

### सरोना में बनेगा खेल मैदान और सुंदर गार्डन

*नगर निगम ने सरोना स्थित करीबन 24 एकड़ जमीन को सुरक्षित रखने 28 करोड़ रुपए का अनुमानित प्रोजेक्ट तैयार कर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। साइट क्लियर होते ही वहां खेल मैदान बनेगा साथ ही सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना है। खाली जमीन के एक तिहाई हिस्से में क्रिकेट, टेनिस जैसे खेलों को बढ़ावा देने खेल मैदान बनेगा। खेल मैदान और बगीचे में प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर फार्म बनाने की योजना बनाई गई है। पूरे परिसर के चारों ओर बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर हरा-भरा रखा जायेगा।*



■ रायगढ़ की कंपनी को 12 करोड़ 64 लाख रुपये में मिला है ठेका

### डूबान क्षेत्र में वेटलैंड का प्रस्ताव

*सरोना लैंडफिल साइट क्लियर होते ही प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर काम करने ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय की जाएगी। योजना के मुताबिक डूबान क्षेत्र में जल संग्रहण के लिए वेंटलैंड का प्रस्ताव बनाया गया है। वेटलैंड पार्क में वाटर प्यूरीफिकेशन के साथ ही जल संग्रहण का काम किया जाएगा।*

साथ की कचरे की ढेरी को वहां से हटाने का काम किया जा रहा है। कचरा, गंदगी और बदबू का पर्याय बने सरोना के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड की सूरत बदलने वाली है। रायपुर नगर निगम ने इस कार्य के लिए रायगढ़ की एजेंसी को 12 करोड़ 64 लाख रुपए में ठेका दिया है। एजेंसी दस साल में शहरभर से डंप 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने साइट क्लीयर कर देगी। अनुबंधित एजेंसी ने ट्रेंचिंग ग्राउंड में दबे कूड़ा करकट की खुदाई करने स्क्रीनिंग मशीन, ट्रामर और पोकलेन मशीन लगाई है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है ठेका एजेंसी को दिसंबर 2024 तक काम को पूरा करने की समय सीमा दी गई है।

# पंजीयन-कृषि कार्यालय की सड़क पर इतने गड्ढे कि चलना मुश्किल

*बारिश होते ही डबरी में हो जाती है तब्दील*

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर, एसएसपी सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय हैं, जिनके परिसर से लेकर आने-जाने का मार्ग भी ठीक है, लेकिन कृषि विभाग से पंजीयन कार्यालय जाने वाली कच्ची सड़क पर इतने गड्ढे हैं कि सामान्य दिनों में भी इस सड़क पर चलने में लोगों को परेशानी होती है। वहीं बारिश हो जाए, तो यह सड़क डबरी में तब्दील हो जाती है, जिसके बाद इस मार्ग पर पैदल चलना तो दूर, दोपहिया वाहन भी गुजर नहीं पाता। यह स्थिति गुरुवार को दोपहर में तेज बारिश के बाद यहां देखने को मिली। शारदीय नवरात्रि के कारण पंजीयन कार्यालय में सुबह से लोगों की भीड़ लगी रही, लेकिन दोपहर में बारिश होते ही पंजीयन कार्यालय का बाहरी परिसर से लेकर कृषि विभाग के कार्यालय तक जाने वाला कच्चा सड़क मार्ग डबरी में तब्दील हो गया। इसके कारण पंजीयन कराने आने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।







### पंजीयन कार्यालय परिसर तक वाहन जाने के लिए एक ही रास्ता

*पंजीयन कार्यालय के परिसर तक वाहन ले जाने के लिए कलेक्टोरेट में एक ही रास्ता है और यह रास्ता कृषि विभाग से होकर जाता है। इस रास्ते के अलावा पंजीयन कार्यालय परिसर तक वाहन ले जाने का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। पहले जिला पंचायत कार्यालय के पीछे वाला मार्ग और रेडक्रास भवन के सामने वाला मार्ग से भी वाहन पंजीयन कार्यालय तक आते-जाते थे, लेकिन विगत वर्षों पहले इन दोनों मार्ग को वाहन के आने-जाने के लिए बंद कर दिया गया है। इन दोनों मार्ग पर लोहे के खंभे लगा दिए गए हैं, जिसके बाद पैदल जाने वाली इस मार्ग से आना-जाना कर सकते हैं।*

### आम लोगों के साथ वकील एवं स्टॉफ भी परेशान

*कृषि से पंजीयन कार्यालय का यह मार्ग पिछले कई वर्षों से इसी स्थिति में है। इसके बाद भी इस मार्ग को अब तक सुधारा नहीं गया है। इस मार्ग के अलावा पंजीयन कार्यालय का बाहरी परिसर में भी बारिश होने के बाद जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिसके कारण लोग यहां खड़े नहीं हो पाते। इसके कारण आम लोगों के साथ वकील एवं कार्यालय के कर्मचारियों को भी परेशान होना पड़ता है।*

# अमित बोले- पुलिस की विवेचना फर्जी और राजनीति से प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बलौदाबाजार अग्निकांड के अंतर्गत जेल में बंद निर्दोषों से गुरुवार को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने जिला जेल जाकर मुलाकात कर उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रकरण में लगभग 14820 पन्ने के 13 अभियोग पत्रों की खामियां निकालते हुए पुलिस की विवेचना की धज्जियां उड़ाई। उन्होंने अभियोग पत्रों में 11 ऐसे चौंकाने खुलासे किए। पुलिस की विवेचना को सांप्रदायिक, राजनीति से प्रेरित और फर्जी करार दिया।

■ बलौदाबाजार कांड में जेल में बंद लोगों से अमित ने की मुलाकात

संवाददाताओं से चर्चा में अमित जोगी ने कहा, पुलिस के द्वारा 10 जून को रात्रि 9 बजे एफआईआर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पंजीबद्ध किया, इसके आधे घंटे बाद टीआई सुहेला के द्वारा अज्ञात के स्थान पर किशोर नौरंगे समेत 10 आरोपियों के विरुद्ध नामजद सूचना दर्ज कराई गई। मामले में कुल 13 अलग-अलग एफआईआर, 356 लोगों के विरुद्ध पंजीबद्ध किए गए। 186 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। दो आरोपी नाबालिक होने के कारण जमानत पर रिहा किए गए। 86 आरोपी जिला जेल में और शेष 98 आरोपी रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर केंद्रीय जेल में निरुद्ध है। मामले में ओमप्रकाश बंजारे एवं देवेंद्र यादव के दो एफआईआर को छोड़ सभी में आरोप पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। शेष सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस की विवेचना पूर्ण है। इस आधार पर भी उनको जमानत का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, दो सीसीटीवी का जिक्र आरोप पत्र में किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोप पत्र में आंदोलन का आवेदन की प्रति नहीं है। उक्त आवेदन भाजपा के वर्तमान जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक सनम जांगड़े द्वारा किया गया था। स्पष्ट है कि जांच दल द्वारा केवल सरकार के विरोधियों को टारगेट किया जा रहा है।

# तहसीलदारों का तबादला सही है या नहीं, समिति करेगी समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 18 तहसीलदारों के तबादलों पर रोक लगा दी है। कोर्ट के निर्देश बाद तहसीलदारों को 45 दिन में राज्य सरकार के पास आवेदन देना होगा। इन आवेदनों की समीक्षा करने के लिए एक विभागीय समिति भी बनाई गई है, जो इसका आकलन करेगी कि क्या तहसीलदारों का तबादला नियमों के अनुसार किया गया है या नहीं। राजस्व विभाग द्वारा जारी किए गए तबादले के आदेश के बाद कई तहसीलदार हाईकोर्ट से स्टे लेकर आ गए। इससे तहसीलदारों को राहत मिली है और अब मामले की गहन जांच की जाएगी। विभाग द्वारा गठित समिति यह देखेगी कि जीएडी द्वारा तय किए गए तबादले के नियमों का पालन इन मामलों में किया गया या नहीं। अगर नियमों को पालन किया गया है, तो ऐसे लोगों को तबादले के आदेश का पालन करना होगा। तहसीलदारों के मामले में समिति के निर्णय पर आगे की कार्यवाही तय होगी। बताया जाता है कि अब इस मामले में दिसंबर में कोई नया आदेश जारी होगा। फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश पर सभी 18 तहसीलदार पुराने स्थान पर ही पदस्थ रहेंगे।

■ जीएडी के नियमों का पालन हुआ कि नहीं, विभागीय समिति कर रही जांच



### ये है पूरा मामला

तहसीलदार ट्रांसफर का विवाद सितंबर में तब शुरू हुआ, जब छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग ने 169 अधिकारियों का तबादला किया गया। इनमें से 55 तहसीलदार शामिल थे। तबादले के बाद यह आरोप लगा कि कुछ तहसीलदारों का लगातार ट्रांसफर हो रहा है। इनमें से कुछ का 2 साल में 6 बार और 4 महीने में 4 बार तबादला किया गया था। यह मामला तब और गरमा गया, जब हाईकोर्ट ने 18 तहसीलदारों के ट्रांसफर पर रोक लगा दी और सरकार को निर्देश दिया कि तबादलों की वैधता की जांच हो।

### अन्य विभागों में भी यही हालात

बताया जाता है कि सरकार बदलने के बाद कई विभागों में शिकायतों के आधार पर अफसरों के तबादले किए गए। हालांकि तबादलों में इसका उल्लेख नहीं होता, लेकिन विभागीय मंत्री की अनुसंशा और समन्वय में अनुमोदन कर आदेश जारी किए जा रहे हैं। सभी प्रस्तावों की जांच किए बगैर तबादले के कारण कई अफसरों को कोर्ट से राहत मिल चुकी है।

# 2500 पदों के लिए रोजगार मेला 8वीं पास भी कर सकेंगे आवेदन

**रायपुर।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए आगामी दिनों में दो बड़े रोजगार मेला आयोजित होने वाले हैं। इनमें मेगा जॉब फेयर 2024 का आयोजन 15 अक्टूबर को शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज बैरन बाजार में होगा। यह फेयर जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा किया जा रहा है। इससे एक दिन पहले 14 अक्टूबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर द्वारा अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जाएगा। यह मेला विधानसभा रोड स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में रखा गया है।



### अप्रेंटिसशीप मेले में 100 से ज्यादा पद

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के मेजर नरेंद्र उपाध्याय ने बताया कि अप्रेंटिसशीप मेला 100 से अधिक पदों के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### जॉब फेयर में ढाई हजार से ज्यादा पद


*जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र के उप संचालक एओ लॉरी ने बताया कि जॉब फेयर ढाई हजार से अधिक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की गई है। इसके तहत सिक्यूरिटी, बैंकिंग, मार्केटिंग, बैंक ऑफिस, होटल मैनेजमेंट, शिक्षण एवं हॉस्पिटल सेक्टर में सिक्यूरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, लेबर, आर्म गाड्‌र्स, सेल्स ऑफिसर, कस्टमर सर्विस, मैनेजर, एजेंट, सर्वेयर, सेल्स पर्सन, कप्यूटर ऑपरेटर, एकाउंटेंट, नर्सिंग स्टॉफ, टेक्निशियन, स्पोकन इंग्लिश, डांस, स्पोट्‌र्स, संगीत टीचर सहित अन्य पदों के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। इस जॉब फेयर में 8वीं, 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा धारी जॉब के लिए आवेदन कर सकते हैं।*

# 34 आबकारी अधिकारियों का तबादला एकतरफा भारमुक्त करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग के 34 उपायुक्त और सहायक आयुक्त, सहायक आबकारी अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। आबकारी विभाग ने तबादले के आदेश जारी करने के साथ ही हाईकोर्ट में कैविएट लगा दिया है, ताकि अफसर कोर्ट जाएं, तो पहले विभाग को अपनी बात रखने का मौका मिल सके। साथ ही विभाग ने सभी अधिकारियों को नवीन पदस्थापना के लिए एकतरफा भारमुक्त करने का आदेश जारी किया है। विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें अरविंद कुमार पाटले, उपायुक्त, आबकारी संभागायुक्त उड़नदस्ता बस्तर संभाग जगदलपुर को नवा रायपुर, सहायक आयुक्त प्रमोद कुमार नेताम को रायपुर से जिला आबकारी अधिकारी बेमेतरा, यदुनंदन राठौर संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग को राजनांदगांव, विकास कुमार गोस्वामी को रायपुर से संभागीय उड़नदस्ता अंबिकापुर , राजेश जायसवाल को दुर्ग से मुंगेली, मंजूश्री कसेर को नवा रायपुर से छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर में प्रतिनियुक्ति में भेजा गया है। दिनकर वासनिक को बिलासपुर से आयुक्त कार्यालय नवा रायपुर, आशीष कोसम की छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर से प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए संभागीय उड़नदस्ता जगदलपुर, सौरभ बक्शी को कोरबा से नवा रायपुर, प्रकाश पाल को मुंगेली से राज्य स्तरीय उड़नउस्ता रायपुर, रामुकृष्ण मिश्रा को रायगढ़ से रायपुर, अलेख राम सिदार को कोंडागांव से जांजगीर-चांपा, प्रवीण वर्मा को जांगीर-चांपा से मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पदस्थ किया गया है।

■ हाईकोर्ट में तबादले के पहले ही लगाया कैविएट



### इन जिला आबकारी अधिकारियों का प्रभार बदला

जिला आबकारी अधिकारी नवनीत तिवारी को सरगुजा से बिलासपुर, रमेश कुमार सिन्हा छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर अरसनारा गोदाम दुर्ग का प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, क्रिस्टोफर खलखो को कांकेर से रायगढ़, डिगेश देवांगन को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को कोंडागांव, रतन सिंह नागेश को बस्तर से नारायणपुर, गजेंद्र कुमार सिंह को कोरिया से बलौदाबाजार-भाटापारा, आशा सिंह को कबीरधाम से कोरबा, लक्ष्मीकांत गायकवाड़ को बलौदाबाजार-भाटापारा से सरगुजा, रघुबर सिंह राठौर को बीजापुर से गरियाबंद, इकाबाल अहमद खान को रायपुर से दंतेवाड़ा, चंद्रहास साहू को नारायणपुर से बस्तर, सीआर साहू को बेमेतरा से दुर्ग, योगेश्वर कुमार द्विवेदी को रायगढ़ से कोरिया, अभिषेक तिवारी को कोरबा से बीजापुर, दीपक कुमार ठाकुर को जांजगीर-चांपा से सुकमा, अजय सिंह ध्रुर्वे को सक्ती से कबीरधाम, रविशंकर साय को मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से संभागीय उड़दस्ता बिलासपुर, एमके मयानी को दंतेवाड़ा से संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग, नितिन कुमार शुक्ला को बिलासपुर से सक्ती, नागेश्वर मिश्रा को रायपुर से कांकेर और एसके नामदेव को संभागीय उड़नदस्ता दुर्ग से छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग लिमिटेड रायपुर अरसनारा गोदाम दुर्ग में पदस्थ किया गया है।

## रिकार्ड जितने पुराने, उनके दस्तावेजों की स्थिति भी उतनी ही खराब

# पंजीयन रिकॉर्ड रूम के दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन 1999 से 2016 तक का मैनुअल डाटा हुआ ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन रिकॉर्ड रूम में कई दशकों के सुरक्षित रखे पंजीयन दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। इसके लिए वर्ष 2022 से दस्तावेजों को स्कैनिंग कर डाटा को ऑनलाइन किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में अब तक वर्ष 2016 से वर्ष 1999 तक के मैनुअल रिकॉर्ड ऑनलाइन किए जा चुके हैं। हालांकि विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ माह तक कंपनी ने स्कैनिंग का काम बंद कर दिया था, जिसके कारण डिजिटलाइजेशन का काम प्रभावित हुआ था।



### पुराने दस्तावेजों को किया जा रहा

पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन किए जाने का कार्य जारी है। जिले में वर्ष 2016 से नीचे क्रम में 30 वर्ष का मैनुअल पंजीयन रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है। इसके तहत वर्ष 1999 तक के रिकॉर्ड ऑनलाइन हो चुके हैं।

- **विनोज कुमार कोजे,** पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर

### वर्ष 2016 से घटते क्रम में किया जाना है दस्तावेजों को ऑनलाइन

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पंजीयन के पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन का काम वर्ष 2016 के दस्तावेजों से शुरू किया गया है, जो घटते क्रम में वर्षवार किया जाना है। सूत्रों के अनुसार पंजीयन दस्तावेजों को ऑनलाइन करने का काम किसी दूसरे राज्य की कंपनी को दिया गया है। कंपनी ने ढाई वर्ष के दौरान अब तक वर्ष 1999 से लेकर 2016 तक के पंजीयन रिकार्ड स्कैनिंग कर डाटा को ऑनलाइन कर चुकी है, वहीं वर्ष 1998 के दस्तावेजों के स्कैनिंग का काम जारी है, जिसका जल्द ही पूर्ण होने की संभावना जताई जा रही है।

### 1857 दशक के भी रिकार्ड होंगे ऑनलाइन

पंजीयन कार्यालय के रिकार्ड रूम में 1857 दशक से भी पुराने रिकार्ड रखे हुए हैं। इन सभी रिकार्ड को ऑनलाइन किया जाना है। इस काम में अभी और कई वर्ष लग सकते हैं, क्योंकि रिकार्ड जितने पुराने है, उनके दस्तावेजों की स्थिति भी उतनी ही खराब है। कई पुराने दस्तावेज फट चुके हैं, जिसके कारण स्कैनिंग करने में परेशानी आ सकती है। ऐसे में कई दसक पुराने दस्तावेजों को ऑनलाइन करना चुनौती से कम नहीं होगा।

## पेज 9 के शेष

### 900 किलो .....

की शक्ल में जांच का दायरा और बढ़ जाता। अफसरों के अनुसार कारोबारियों ने आगरा के एक दर्जन से ज्यादा कारोबारियों से जेवर खरीदा था।

### स्पेशल ट्रेन से ....

नंवबर को दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन गोंदिया-छपरा-गोंदिया स्पेशल चलेगी। सात से 12 अक्टूबर तक छह जोड़ी डोंगरगढ़-रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन दुर्गा पूजा के लिए चलाई जा रही है, जबकि सात से 12 अक्टूबर तक छह जोड़ी स्पेशल ट्रेन डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन दौड़ रही है।

# धान खरीदी 1 नवंबर से हो, लक्ष्य 200 लाख मीट्रिक टन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने धान खरीदी 1 नवंबर से करने की मांग की है। प्रदेश में हर साल 1 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होती है। प्रदेश बारिश अच्छी होने से फसल भी अच्छी है, ऐसे में पैदावार अधिक होने की संभावना है। उन्होंने सरकार से खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ाकर 200 लाख टन करने की मांग की है, ताकि किसानों की पूरी पैदावार की सरकार खरीदी कर सके। धान खरीदी के लिये अभी तक कोई निर्णय नहीं लेने के कारण किसान चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष धान की खरीदी के दौरान ही भाजपा की सरकार आ गई थी। कांग्रेस की सरकार के सुशासन के कारण प्रदेश के किसानों द्वारा इतिहास का सर्वाधिक धान उत्पादन किया गया। इसीलिए समर्थन मूल्य पर अब तक की सर्वाधिक 144 लाख 92 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। राज्य सरकार द्वारा धान की इस मात्रा के भंडारण, मिलिंग तथा चावल के उपार्जन एवं भंडारण की कोई कार्ययोजना नहीं बनाई गई। भाजपा सरकार की लचर धान की सुरक्षा एवं रखरखाव की समुचित व्यवस्था नहीं की गई।

■ अच्छी बारिश से बंपर पैदावार की संभवना- बैज

## खबर संक्षेप

### सीएम साय ने दुर्गाष्टमी और महानवमी की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और महानवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर श्री साय ने मां दुर्गा से प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है।



अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि शक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्रि पूरे देश में नौ दिनों तक भक्तिभाव से मनाया जाता है। इस दौरान देवी के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के आठवें दिन माता शक्ति के आठवें स्वरूप माता महागौरी और नवमी पर देवी सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है।

### सीएम ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी बेटियों को बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि बालिकाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने, उन्हें सशक्त करने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 11 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनियाभर में बालिकाओं के सामने आने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान के प्रति जागरूकता को बढ़ाने का दिन है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का विषय 'भविष्य के लिए बालिकाओं का दृष्टिकोण' है। श्री साय ने कहा कि बेटियां देश-प्रदेश, समाज और परिवार का गौरव होती हैं।

### आईपीए की बैठक में शामिल हुए लंदन के फार्मासिस्ट

**रायपुर।** इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन की बैठक में लंदन के फार्मासिस्ट शामिल हुए। बैठक में भारत में फार्मेसी शिक्षा का स्तर सुधारने की आवश्यकता जताई गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ विनोद वर्मा की अध्यक्षता में रखी गई बैठक में सचिव राहुल वर्मा ने लंदन से आए फार्मासिस्ट भूपेन्द्र कौशिक को संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया। आईपीए छत्तीसगढ़ का वार्षिक कार्यक्रम "फार्मासिस्ट कॉन्फ्रेंस 2024" के आयोजन को लेकर पदाधिकारियों की चर्चा हुई।

# अगले साल से मनाएंगे श्रीराम विजय दिवस, इस बार दहन करेंगे 101 फीट का रावण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डब्ल्यूआरएस कॉलोनी दशहरा उत्सव आयोजन समिति का यह अंतिम आयोजन होगा। अगले साल से यहां दशहरे के दिन श्रीराम विजय दिवस मनाया जाएगा। इस साल डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के दशहरा मैदान में 101 फीट का रावण व 70-70 फीट के मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले का दहण किया जाएगा। इससे पहले रामलीला का आयोजन होगा। उसके बाद आतिशबाजी की जाएगी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए गुरुवार को रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, डब्ल्यूआरएस नेशनल क्लब के जी. स्वामी ने यह जानकारी दी। दशहरा मैदान में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि इस वर्ष मुख्य अतिथि राज्यपाल रामेन डेकाजी होंगे, अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे तथा विशेष अतिथि प्रभारी मंत्री केदार कश्यप होंगे। साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्य, रायपुर विधानसभा के सभी विधायक और सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंचस्थ रहेंगे।

डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा दशहरा उत्सव मनाया जाता है। यहां दूर-दूर से लोग दशहरा उत्सव देखने आते है। आयोजन का यह आखिरी वर्ष है। डब्ल्यूआरएस दशहरा उत्सव आयोजन समिति पिछले 53 सालों से यह आयोजन करती रही है, लेकिन अगले साल से यहां श्रीराम विजय दिवस के रूप में दहशरा उत्सव मनाएंगे।

## डब्ल्यूआरएस दशहरा मैदान पर 70-70 फीट के मेघनाथ व कुंभकर्ण तैयार



### उत्सव का नाम बदलेगा, होगी भव्य आतिशबाजी

आयोजन वैसे ही होगा, जैसे पहले हुआ करते था, सिर्फ नाम बदला जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि जब हम सत्य पर विजय पा लेते है, तब उसे भव्य रूप में मनाते है। वैसे ही अगले साल से हम श्रीराम विजय दिवस के रूप में दशहरा उत्सव मनाएंगे। उसमें इस साल की अपेक्षा अगले साल से छत्तीसगढ़ की जनता को भव्य आतिशबाजी देखने को मिलेगी। वहीं भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मणजी, हनुमानजी की अच्छाइयों के बारे में भी लोग जान सकेंगे।



## व्यवस्था सुधारने 3 दिन की मोहलत

# पानी टंकियों से जलभराव की व्यवस्था गड़बड़ाई अपर आयुक्त ने अधिकारी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में पेयजल वितरण की व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन गंभीर नहीं है। शंकरनगर, दलदल सिवनी और सड्डू की पानी टंकी को 7 मीटर की जगह 3 से 4 मीटर भरा जा रहा है। इसके कारण शंकरनगर, विवेकानंद नगर, टैगोर नगर और एमआर कालोनी में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। सामान्य सभा में यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। इस पर संज्ञान लेते हुए अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने गुरुवार को फिल्टर प्लांट में जल प्रदाय योजना की समीक्षा बैठक ली। 3 पानी टंकियों के जलभराव में कोताही को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारी को फटकार लगाते हुए 3 दिन के अंदर व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी है। गुरुवार को अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में जलप्रदाय योजना की समीक्षा करने बैठक ली। इस दौरान शहर की 3 पानी टंकियों में पर्याप्त मात्रा में जलभराव नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि 3 दिन के अंदर शंकरनगर, दलदल सिवनी और सड्डू पानी टंकी में जल भराव व्यवस्था को ठीक किया जाए।



- शंकरनगर, दलदल सिवनी, सड्डू पानी टैंक को भरने में लापरवाही
- विवेकानंद नगर, एमआर कालोनी, टैगोर नगर में पानी की दिक्कत

### इंटकवेल में प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद, सिंचाई विभाग को लिखेंगे पत्र

अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने कहा कि वर्षा ऋतु समाप्ति के बाद प्राकृतिक बहाव से इंटेकवेल में पानी आना बंद हो गया है, इसलिए सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर गंगरेल से नियमित रूप से डेम का पानी नदी के माध्यम से आपूर्ति कराई जाए। इसके लिए 250 क्यूसेक पानी फिल्टर प्लांट के लिए छोड़ा जाना सुनिश्चित करवाने निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि विगत दो माह से फिल्टर प्लांट, इंटेकवेल में विद्युत प्रवाह अचानक बार-बार बंद होने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। अपर आयुक्त ने विद्युत अवरोध की समस्या दूर कराने लिए सीएसईबी के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखने निर्देशित किया।

### एलम, ब्लीचिंग पावडर का स्टाक खत्म

अपर आयुक्त यूएस गुप्ता ने फिल्टर प्लांट निरीक्षण के दौरान एलम एवं ब्लीचिंग पाउडर का पर्याप्त स्टॉक नहीं होने से इसे शीघ्र क्रय की कार्यवाही करने की हिदायत दी। इसी तरह स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत जल आपूर्ति तत्काल शुरू करने स्मार्ट सिटी के इंजीनियर के साथ समन्वय स्थापित करने निर्देश दिये गये।

## स्मृति वन का नाम बदलने और मार्निंग वॉक शुल्क का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने स्मृति वन का नाम बदलने के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा, नाम बदलने की कार्यवाही मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। यह कार्य पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अवमानना का है। साथ ही वन विभाग द्वारा मार्निंग वाक का प्रतिदिन एवं मासिक शुल्क लिये जाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा, राजीव स्मृति वन के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये विभाग पहले से ही शुल्क ले रहा है। अब विभाग सीधे जनता की जेब में डाका डालने का काम कर रहा है। पूर्ववर्ती सभी सरकारों ने जनता को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से जगह-जगह गार्डन एवं उसमें कसरत के लिये निःशुल्क उपकरण लगाये हैं। वन विभाग तुगलकी फरमान जारी करके अपनी मनमानी पर उतर आया है। वन विभाग के फरमान का कांग्रेसियों ने विरोध किया। उन्होंने मांग की है कि राजीव स्मृति वन का नाम यथावत रखा जाये तथा मार्निंग वाक शुल्क लिये जाने एवं पर्यटकों के प्रवेश शुल्क वापस नहीं लेने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष सहदेव व्यवहार, माधव साहू, पार्षद राजा बंजारे, युकां अध्यक्ष ग्रामीण तीरथ साहू सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

- कांग्रेस महामंत्री पंकज शर्मा के विरोध और कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद विभाग ने वापस लिया फैसला

### श्रम सम्मान राशि भुगतान के लिए 12.34 करोड़ आवंटित

**रायपुर।** वनमंत्री केदार कश्यप ने दैनिक वेतनभोगी संगठन के पदाधिकारियों से सौहार्द्रपूर्ण माहौल में चर्चा के उपरांत उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करके, श्रम सम्मान राशि से वंचित श्रमिकों के लिए राशि आवंटन के लिए आश्वस्त किया था। संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वन विभाग में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के प्रति त्वरित कार्यवाही करने विभागीय मंत्री को निर्देश दिए थे। वन मंत्री के निर्देश के परिपालन में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख छत्तीसगढ़ द्वारा राशि रुपए 12.34 करोड़ श्रम सम्मान राशि भुगतान के लिए आवंटित कर दिए हैं।

# बिजली के मीटर हो रहे स्मार्ट, छह सौ करोड़ के पुराने मीटर हो जाएंगे कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक दो लाख से ज्यादा पुराने मीटर बदल दिए गए हैं। प्रदेश के 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे। प्रदेश में 60 लाख उपभोक्ताओं के घरों, व्यापारिक, सरकारी संस्थानों में जो इस समय डिजिटल मीटर लगे हैं, वो करीब छह सौ करोड़ के हैं। आने वाले समय में ये सारे मीटर कबाड़ हो जाएंगे। जहां पहले के लगे मीटर हजार रुपए के आस-पास के हैं, वहीं नए मीटर छह हजार के हैं। इनको लगाने पर करीब चार हजार करोड़ का खर्च आएगा।

बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन में लगने वाले मीटर समय के साथ बदले जाते रहे हैं। सबसे पहले चकरी वाले मीटर लगते थे। इनको करीब डेढ़ दशक पहले डिजिटल मीटरों में बदलने का काम किया गया। डिजिटल मीटरों के कुछ साल पहले नए वर्जन आए तो इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इनको लगाने का काम किया। कंपनी के अधिकारियों का कहना है, नए वर्जन वाले मीटर ज्यादातर नए कनेक्शनों में लगाए गए हैं। इसी के साथ जिनके मीटर खराब हुए उनके मीटर बदले गए। सभी मीटरों को नए वर्जन में नहीं बदला गया है। नए वर्जन में कुछ ज्यादा सुविधा है। जैसे इसमें छह माह की रीडिंग देखने की सुविधा है। इन मीटरों को लगाने पर पॉवर कंपनी के एक मीटर के हजार रुपए के हिसाब से करीब छह सौ करोड़ खर्च हुए हैं। इनकी कीमत भी उपभोक्ताओं से ली गई है। लेकिन अब जो नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उनकी कीमत उपभोक्ताओं से नहीं ली जा रही है।



### स्मार्ट मीटर में छह हजार का

अब लग रहे स्मार्ट मीटर की कीमत छह हजार रुपए है। चूंकि यह केंद्र सरकार की योजना है तो इसमें केंद्र सरकार से 15 प्रतिशत राशि यानी प्रति मीटर के लिए नौ सौ रुपए मिलेंगे, बाकी खर्च राज्य सरकार और पॉवर कंपनी को करना है। इस योजना में चार हजार करोड़ से ज्यादा का खर्च है। इतना खर्च एक साथ कर पाना पॉवर कंपनी के लिए संभव नहीं है, इसलिए इस योजना के लिए कंपनी ने ठेका दिया है। रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी और बाकी का जीनस कंपनी कर रही है। इन कंपनियों को दो साल के अंदर सभी मीटरों को बदलना है। कंपनियों के मीटरों के पैसे ईएमआई में मिलेंगे।

# पहली बार राजधानी में नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 24 से, उद्घाटन में मुख्य सचिव ने खेला गोल्फ, कहा- छग पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महानगर की तर्ज पर अब राजधानी में भी गोल्फ को लेकर लोगों में दिलचस्पी बढ़ने लगी है। अब देश और विदेश के खिलाड़ी भी नवा रायपुर में गोल्फ खेलते नजर जाएंगे। गुरुवार को होटल मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्ट में गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप प्री-लांच का उद्घाटन मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने किया। यह चैंपियनशिप 24 से 26 अक्टूबर आयोजित की जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का भी चयन किया जाएगा। आयोजन में देश के 20 राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ सरकार की भी सहभागिता होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि इससे अन्य खेलों के साथ गोल्फ खेल के लिए लोगों में रुचि बढ़ेगी। बता दें कि राजधानी में पहले बार इस तरह का नेशनल आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता को लेकर छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों में भी उत्साह नजर आ रहा है। गोल्फ कोर्ड महानगरों की तरह है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



### गोल्फ कोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने की तैयारी

मुख्य सचिव अमिताभ मुख्य सचिव ने कहा कि एक स्वस्थ मन के लिए स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी को किसी न किसी खेल में हिस्सा लेना जरूरी है। नवा रायपुर पर्यटन के रूप में भी विकसित हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा देना है। नेशनल गोल्फ फेडरेशन के संस्थापक एवं महासचिव आर्यवीर आर्या ने इस आयोजन के संबंध में कहा कि गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) खेल, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और विजन भारत 2047 के लिए काम करने प्रतिबद्ध है। स्टार्टअप और राज्य पर्यटन विभाग छत्तीसगढ़ राज्य को बढ़ावा देने के लिए स्थल पर अपने स्टॉल लगा सकते हैं। नवा रायपुर में चैंपियनशिप का आयोजन होने से नवा रायपुर के गोल्फकोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने का प्लेटफार्म तैयार होगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ को लेकर बना परसेप्शन भी बदलेगा।

### चैंपियनशित के विजेता को मिलेंगे 10 लाख

चैंपियनशिप के लिए पहला पुरस्कार 10 लाख रुपए और वाउचर एवं ट्रॉफी व रनरअप पुरस्कार 6 लाख रुपए और वाउचर एवं ट्रॉफी दिया जाएगा। इस आयोजन की शुरुआत कैडी टूर्नामेंट से होगी। इसमें पहला पुरस्कार 1 लाख, दूसरा 60 हजार रुपए, तीसरे के लिए लिए 40 हजार, चौथे के लिए 30 हजार और पांचवे नंबर पर आने वाले को 20 हजार रुपए का पुरस्कार मिलेगा।

**-:: उद्घोषणा ::-**

क्रमांक /13931/ आर सी./ रा.वि.प्रा./ 2024
रायपुर दिनांक 08.10.2024

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजनांतर्गत श्री संदीप कुमार जैन पिता श्री रमेश चंद जैन द्वारा ब्लॉक 15 भूखण्ड क्रमांक S-99 क्षेत्रफल 538 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर धारित है। आबंटिती के द्वारा भूखण्ड का अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 03.03.2023 को प्राप्त कर उक्त भूखण्ड का विक्रय श्रीमती अमृता गुप्ता पति श्री विजय कुमार गुप्ता निवासी-मकान नंबर 02, शासकीय राशन दुकान के सामने, साँई नाथ चौक, बड़ा अशोक नगर, गुढ़ियारी, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13.03.2023 के अनुसार किया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखण्ड हेतु प्राधिकरण में नाम दर्ज करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड का नामांतरण क्रेता के नाम पर किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नही होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार दान ग्रहिता का नाम दर्ज करने की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक .............. को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// सूचना-पत्र //**

क्रमांक /202409113800012/वाचक /ना.तह./2023-24
रायपुर, दिनांक 07/10/2024

प्रति,
श्रीमति सरस्वती साहू पति हेमलाल साहू निवासी महादेव घाट रायपुरा रायपुर तहसील व जिला रायपुर

विषयः- राजस्व मामला क्रमांक / 202409113800039 /अ-6/वर्ष 2023 - 2024 आवेदकगण 1. श्रीमति अल्का वाधवानी पति स्व. गुरूमुख दास वाधवानी (आधार नं. 303415171401) 2. श्री राहुल वाधवानी पिता स्व. गुरूमुख दास वाधवानी (आधार नं. 225678071032) निवासी 53/235, गली नं. 09 विवेकानंद आश्रम के पीछे ईदगाहभाठा रायपुर छ.ग. विरूद्ध श्रीमति सरस्वती साहू पति हेमलाल साहू निवासी महादेव घाट रायपुरा रायपुर तहसील व जिला रायपुर, ग्राम रायपुरा, प.ह.नं. 57, तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत।

विषयांकित संबंध में आपको सूचित किया जाता है आवेदकगण 1. श्रीमति अल्का वाधवानी पति स्व. गुरूमुख दास वाधवानी (आधार नं. 303415171401) 2. श्री राहुल वाधवानी पिता स्व. गुरूमुख दास वाधवानी (आधार नं. 225678071032) निवासी 53/235, गली नं. 09 विवेकानंद आश्रम के पीछे ईदगाहभाठा रायपुर छ.ग. आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि उनके द्वारा ग्राम-रायपुरा, प.ह.नं. 57, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 669/71 का भाग रकबा 600 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्रीमति सरस्वती साहू पति हेमलाल साहू निवासी महादेव घाट रायपुरा रायपुर तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22/12/2021 के माध्यम से स्वामित्वं एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदकगण के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदकगण द्वारा निवेदन किया गया है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 21/10/2024 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। आज दिनांक 07/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में EWS TYPE1/85, को श्री जीतन राम देवांगन पिता श्री महेश देवांगन एवं श्रीमती सोनकुंवर देवांगन पति श्री जीतन राम देवांगन, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 13.07.2023 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री जीतन राम देवांगन पिता श्री महेश देवांगन एवं श्रीमती सोनकुंवर देवांगन पति श्री जीतन राम देवांगन, निवासी :- मकान नं. 239, वार्ड नं. 40, विश्वकर्मा चौक, चिंगराज, चांटीडीह, लिगियाडीह, बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री उमेन्द्र कुमार पिता श्री संतराम, निवासीः- ग्राम मानुपर पो. आ. खट्टा थाना पटेवा, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है । अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) EWS TYPE1/85, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में EWS TYPE1/84, को श्री भारत भुषण सिंह पिता श्री दशरथ सिंह एवं श्रीमती पुजा सिंह पति श्री भारत भुषण सिंह, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 13.07.2023 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री भारत भुषण सिंह पिता श्री दशरथ सिंह एवं श्रीमती पुजा सिंह पति श्री भारत भुषण सिंह, निवासीः- सतबनीहिया मंदीर, जन्नी तालाब, बंधवा पारा, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री उमेन्द्र कुमार पिता श्री संतराम, निवासीः- ग्राम मानुपर पो.आ. खट्टा थाना पटेवा, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) EWS TYPE1/84, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,**
**नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

(ग्राम-टिकरापारा प.ह.न.- 70 रा.नि.मं. रायपुर-1 - टिकरापारा तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि खसरा नं.- 598/36 रकबा 0.0270हे. अर्थात 3000 वर्गफीट के संबंध में)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री परमेश्वर लाल जैन पिता-श्री बाबूलाल मालू निवासी मकान नं. 149 वार्ड नं.-05 हनुमान मंदिर गली उर्मल मैनपुर जिला-गरियाबंद छ. ग. ने विक्रेता कमलेश कुमार पीपरी पिता-श्री इन्द्रलाल पीपरी निवासी- पी.डब्ल्यू.डी कॉलोनी सिविल लाईन रायपुर तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम - टिकरापारा प.ह.न.- 70 रा.नि.मं. रायपुर-11- टिकरापारा तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि खसरा नं.- 598/36 रकबा 0.0270 हे. अर्थात 3000 वर्गफीट को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दिया है, तथा शेष संव्यवहार एवं पंजीयन/रजिस्ट्री की कार्यवाही बाकी है।

अतः उक्त सौदे पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासन एवं प्रशासन इत्यादि को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के भीतर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपने आपत्ति दर्ज करावे, मियाद बाद उपरोक्त संपत्ति का संव्यवहार कर बैनामा पंजीयन /रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तथा मियाद बाद प्रस्तुत की गयी आपत्ति उजर या दावा झूठी व विधि विरूद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

सो सूचना जानिये

स्थान :- रायपुर छ.ग. दिनांक :-10/10/2024

**भवदीय**
**लकेश्वर चन्द्राकर अधिवक्ता**
**कक्ष क्रमांक 109, टेबल नं. 18, प्रथम तल, नयी बिल्डिंग सिविल कोर्ट रायपुर छ.ग.**

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# अनियमित निर्माण और ट्रैफिक की समस्या पर बिफरे सांसद बृजमोहन अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शहर में लगे हैं 559 सीसीटीवी कैमरे, 80 कैमरे खराब
- रायपुर स्मार्ट सिटी के परामर्शदात्री समिति की बैठक
- विधायक राजेश मूणत बैठक में रहे मौजूद



अधिकारियों को लगाई फटकार

सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत मौजूद रहे। राजधानी में स्मार्ट सिटी के तहत 312 परियोजनाओं पर कार्य किया गया। जिसमें 200 करोड़ की लागत से ट्रैफिक कमांड सेंटर का निर्माण हुआ है।

शहरभर में 559 सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं जिसमें से 80 खराब हैं और 50 जंक्शन हैं जिसमें 8 खराब हैं। श्री अग्रवाल ने रायपुर स्मार्ट सिटी और ट्रैफिक पुलिस को फटकार लगाते हुए 1 माह के भीतर सभी कैमरों और जंक्शन को शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही शहर में ट्रैफिक दबाव के अनुसार मुख्य जगहों पर प्रति माह रिपोर्ट बनाने और उसके अनुसार ट्रैफिक संचालन के निर्देश दिए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शहरी यातायात को व्यवस्थित करने अंतरविभागीय रणनीति तैयार करने की जरूरत बताई है। बढ़ते जनसंख्या घनत्व के कारण अन्य महानगरों की तरह यातायात प्रबंधन को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था पर नए सिरे ठोस पहल की जरूरत है। चौक-चौराहों के व्यापक सर्वेक्षण के लिए एजेंसी नियुक्त करने और भावी योजनाओं का निर्धारण किया जाए। शहरी तालाबों और उद्यानों को एक मॉडल तौर पर विकसित करने की हिदायत बैठक के दौरान दी। विधायक राजेश मूणत ने सुझाव दिया कि पूर्ण परियोजनाओं के संधारण व संचालन के लिए नोडल विभाग अवश्य तय करें, जिससे परियोजनाओं का लाभ स्थानीय नागरिकों को बिना किसी असुविधा के दीर्घकाल तक मिल सके। श्री मूणत ने जीई रोड पर बने यूथ हब से चौपाटी स्थानांतरित करने व इस क्षेत्र को विद्यार्थियों के लिए अध्ययन हेतु उपयुक्त स्थल के रूप में विकसित करने निर्देशित किया।

बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी के एमडी अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक ईएंडटी पीके पंचायती, चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, बंच आफ फूल्स संस्था के फाउंडर सतीश भुवालका सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शांति नगर और पंडरी क्रॉफ्ट मार्केट में बन रहे कांप्लेक्स पर उठाए सवाल

परामर्शदात्री समिति की बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शांतिनगर और पंडरी मार्केट स्थित क्रॉफ्ट मार्केट में बन रहे कांप्लेक्स पर सवाल उठाया। उनका कहना था कि व्यावसायिक परिसर बन जाने से ट्रैफिक में दिक्कत होगी। इसे देखते हुए कांप्लेक्स को कहीं और शिफ्ट किया जाए। श्री अग्रवाल ने शहर में 5 हजार से ज्यादा वर्गफीट जमीन पर व्यवसायिक निर्माण के लिए यातायात पुलिस से एनओसी लेने के नियम बनाने के लिए कहा। उन्होंने शहर के 41 तालाबों और 42 उद्यानों के पुनर्विकास में हुई लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को चेतावनी दी।

## खबर संक्षेप



### संकटमोचन हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण

**रायपुर।** श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में गुरुवार को प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह कार्यक्रम स्व. योगेंद्र तिवारी की स्मृति में किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

### नगरीय प्रशासन विभाग के प्रस्ताव को सामान्य सभा से मंजूरी

# शहर की सड़कों पर धूल साफ करने अब 6 मशीनें ठेका एजेंसी को मिला 2 साल का अतिरिक्त समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


■ नए टेंडर में बढ़ेगा सफाई का दायरा

शहर के प्रमुख मार्गों की सड़कों पर धूल साफ करने वाली रोड स्वीपिंग एजेंसी को 2 साल का अतिरिक्त समय दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी अब 4 की जगह 6 रोड स्वीपिंग मशीन चिन्हांकित सड़कों को चकाचक करने उतारेगी। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को सामान्य सभा से मंजूरी मिलने के बाद अब नए रूट पर रात्रिकालिीन सड़क सफाई का दायरा बढ़ेगा।

दरअसल, केंद्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश में 12वें स्थान पर रायपुर शहर के आने के बाद अब टॉप टेन पर आने की संभावना को देखते हुए शहर की हवा को स्वच्छ रखने मेट्रो सिटी की तर्ज पर प्रमुख सड़कों की मशीन से सफाई पर जोर दिया जा रहा है। ग्लोबल गूच वेस्ट मैनेजमेंट एलएलपी को रायपुर अर्बन एग्लोमेरेशन की सिटी लेवल इंप्लीमेंटेशन एवं मानिटरिंग कमेटी की सिफारिश पर शासन ने वर्ष 2021 में 4 साल के लिए काम करने अनुबंधित किया। अनुबंध के अनुसार एजेंसी शहर में 4 स्वीपिंग मशीन से 84 किलोमीटर दायरे की टू लेन, फोर लेन और सिक्स लेन की सड़कों से धूल साफ कराने सफाई कराती है। 2025 में नए सिरे से वर्कआर्डर जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही 2 अतिरिक्त मशीन रात्रिकालीन सफाई में लगाई जाएगी।

### बारीक धूल के कणों की सफाई सड़क, डिवाइडर की धुलाई भी

सड़कों पर उड़ने वाले बारीक धूल के कण की सफाई करना निगम के लिए बड़ी चुनौती रही है। मेनुवल तरीके से सड़क की सफाई के दौरान उड़ने वाली धूल के बारीक कण की सफाई नहीं हो पा रही थी। आमतौर पर कंस्ट्रक्शन मटेरियल, तोड़फोड़ और सड़कों पर उड़ने वाली धूल के कण पीएम-10 के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसे हटाने रायपुर नगर निगम ने मेकैनाइज्ड स्वीपिंग सिस्टम को अपनाया है। इसके बेहतर परिणाम मिलने के बाद नए रूट चार्ट बनाकर रात्रिकालीन सफाई कराई जाएगी। इसमें बूढ़ेश्वर मंदिर से पुलिस लाइन गेट, चांदनी चौक से नीलकंठेश्वर मंदिर तक, सिद्धार्थ चौक से कौशिल्या विहार गेट तक, एम्स हास्पिटल से हीरापुर चौक, रेलवे स्टेशन से फुंडहर चौक, मेकाहारा से एमएमआई हास्पिटल फ्लाईओवर, सिद्धार्थ चौक से कमल होटल, जगन्नाथ चौक से जोन 8 तक, पंडरी कपड़ा मार्केट से सिटी सेंटर मॉल होते हुए झंडा चौक तक रात्रिकालीन सफाई रोड स्वीपिंग मशीन से होगी।

# पलभर में बदल गया मौसम कड़कती धूप के बाद झमाझम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून वापसी के पहले बादलों ने एक बार फिर शहर को भिगो दिया। गुरुवार को शहर का मौसम तेजी के साथ बदला। सुबह जहां कड़कती धूप थी, वहीं कुछ देर बार ही झमाझम बारिश शुरू हो गई।

घंटेभर की बारिश ने पूरे शहर को भिगा दिया। इसके चलते मौसम भी ठंडा हो गया। उमस भरी गर्मी से भी लोगों को राहत मिली। आज भी आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना भी शुक्रवार के लिए मौसम विभाग द्वारा जताई गई है। तापमान में गिरावट का सिलसिला भी प्रारंभ होने लगा है। अक्टूबर अंत तक प्रदेश में गुलाबी ठंड की दस्तक हो जाएगी। इसके पूर्व गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री कम 33.6 डिग्री दर्ज हुआ।

### बंगाल की खाड़ी से आ रही है नमी

देश से मानसून वापसी का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। उत्तर भारत के कई हिस्सों से मानसून लौट चुका है। प्रदेश से भी मानसून की विदाई अक्टूबर अंत तक संभावित है। इसके पूर्व हल्की बारिश हो सकती है। इसका कारण बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण प्रदेश के 1-2 स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की भी आशंका है।

# एलएचबी कोच में तकनीकी खराबी ने बढ़ाई यात्रियों की मुसीबत, हर दिन प्लेटफार्म पर बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


■ कुछ ट्रेनों में ही रेलवे ने बनाया वैकल्पिक उपाय, इसलिए दूर नहीं हुई यात्रियों की समस्या

एलएचबी कोच से चलने वाली ट्रेनों की एक तकनीकी खामी यात्रियों पर भारी पड़ रही है। इस वजह से यात्री कभी प्लेटफार्म पर फिसलकर गिर सकते हैं और उन्हें चोट लग सकती है। दरअसल जब ट्रेन प्लेटफार्म पर आकर खड़ी होती है, उसके बाद हाईड्रेन पाइप से पानी भरा जाता है। पानी जब ओवरफ्लो होता है तो ट्रेक पर गिरने की जगह प्लेटफार्म पर बहता है। अचानक पानी बहने से यात्रियों के कदम थम जाते हैं। इसके अलावा कई बार यात्री व उनका लगेज भी गीला हो जाता है। यह समस्या तब से है, जब से एलएचबी कोच से ट्रेनों का परिचालन शुरू हुआ है। शुरुआत में यात्रियों ने इसकी शिकायत की, जिसके बाद रेल प्रशासन हरकत में आया और कुछ कोच में इसका वैकल्पिक उपाय भी किया। उसके बाद दूसरे कोच में रेलवे ने कोई व्यवस्था नहीं की। इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

*पहले ओवरफ्लो पानी गिरता था सीधे ट्रेक पर : रायपुर से छूटने और गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनें इसी आधुनिक कोच के साथ चलती हैं। यह यात्रियों के लिए आरामदायक होने के साथ-साथ सुरक्षित भी है। इन्हीं विशेषताओं को देखते हुए एलएचबी कोच से ही ट्रेनों को चलाने की योजना है। यह योजना अकेले दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में ही लागू नहीं हुई है, बल्कि भारतीय रेलवे के प्रत्येक जोन में इन्हीं कोच से ट्रेनें चलाई जा रही है, पर इसमें तकनीकी खामियां हैं। ऐसे में प्लेटफार्म पर यात्रियों के फिसलकर गिरने का खतरा है। वैसे भी कई यात्री ट्रेन हड़बड़ी में ही पकड़ते हैं। इस दौरान उनकी नजर प्लेटफार्म पर बह रहे पानी पर नहीं पड़ती। जबकि पुराने कोचों में इस तरह की दिक्कत बिल्कुल भी नहीं थी। ओवरफ्लो का पानी सीधे ट्रेक पर ही गिरता था और नाली से बाहर निकल जाता था।*

- रेलवे बोर्ड का निर्देश- यात्री सूचना प्रणाली में ट्रेन की गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों पर की जाए कार्रवाई
- राजधानी के रेलवे स्टेशन पर आए दिन यात्रियों को डिस्प्ले में मिलती है गलत जानकारी

# प्लेटफार्म डिस्प्ले में अब कोच की पोजीशन बिगड़ी तो अफसरों पर होगी कार्रवाई, आए दिन यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर अब अगर यात्रियों को असुविधा हुई, तो कार्रवाई एजेंसी व कर्मचारियों पर नहीं, सीधे अधिकारियों पर की जाएगी। राजधानी के रेलवे स्टेशन पर अक्सर डिस्प्ले पर कोच पोजीशन के गड़बड़ होने से यात्रियों को असुविधा होती है। एसी कोच की जगह पर स्लीपर कोच पहुंच जाता है, लेकिन अब ऐसी गलती हुई तो रेल अफसरों पर रेलवे बोर्ड कार्रवाई करेगा। बोर्ड ने सभी 17 जोन को उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जो रेलगाड़ियों के परिचालन के संबंध में यात्री सूचना प्रणाली में डेटा नहीं डालते या गलत जानकारी देते हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है। बोर्ड ने रेलवे के सभी जोन को स्टेशन पर लगाए गए यात्री सूचना डिस्प्ले बोर्ड को राष्ट्रीय रेलगाड़ी पूछताछ प्रणाली, एनटीईए के साथ एकीकृत करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि रेलगाड़ियों के परिचालन की सटीक और विश्वसनीय जानकारी सुनिश्चित हो सके। एनटीईएस वेबसाइट अन्य जानकारियों के अलावा ट्रेन की वास्तविक स्थिति की जानकारी देती है। इसके अलावा प्लेटफॉर्म पर लगे 'ट्रेन संकेतक बोर्ड'' पर ट्रेन नंबर, उनके नाम और डिब्बों के सटीक स्थान की जानकारी दी जाती है।

### सभी रेलवे और यात्रियों के बीच महत्वपूर्ण इंटरफेस हैं

रेलवे बोर्ड ने 27 सितंबर को सभी जोन को लिखे अपने पत्र में कहा है कि कोच गाइडेंस सिस्टम और रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन इंडिकेटर बोर्ड जैसी यात्री सूचना प्रणाली यात्रियों और रेलवे के बीच एक महत्वपूर्ण इंटरफेस के रूप में काम करती है। ऐसी प्रणालियों की तरफ से यात्रियों को दी जाने वाली ट्रेन की जानकारी की विश्वसनीयता बहुत महत्वपूर्ण है और प्रदर्शित की जाने वाली जानकारी में कोई भी कमी/त्रुटि यात्रियों के लिए असुविधा पैदा करती है। इसीलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि ऐसी प्रणालियों पर प्रदर्शित प्रत्येक रुकने वाली ट्रेन की जानकारी सही और विश्वसनीय हो।



फाइल फोटो

### पुरानी यात्री सूचना प्रणालियों को बदलें

रेलवे बोर्ड ने सभी क्षेत्रों को पुरानी यात्री सूचना प्रणालियों को नए से बदलने की भी सलाह दी है, जो सर्वोच्च प्राथमिकता पर नवीनतम आरडीएसओ विनिर्देशों का अनुपालन करती हैं। पत्र में कहा गया है, आरडीएसओ विनिर्देशों संशोधन 4 और उससे ऊपर का अनुपालन करने वाली यात्री सूचना प्रणालियों को हमेशा एपीआई आधारित इंटरफेस का उपयोग करके एनटीईएस के साथ एकीकृत किया जाना चाहिए, जो इंजन रिवर्सल के बाद भी सही कोचिंग जानकारी प्रदर्शित करेगा और इस प्रकार किसी भी मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता को समाप्त कर देगा।

## बिजनेस साइट

### साईं बाबा आई हॉस्पिटल में स्पर्श रहित लेजर सर्जरी



**रायपुर।** साईं बाबा आई हॉस्पिटल ने अपनी नई लेसिक मशीन का उद्घाटन करते हुए आंखों की सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह मशीन 2024 का नवीनतम मॉडल है, जो चश्मे का नंबर हटाने की प्रक्रिया को पूरी तरह से स्पर्श एवं दर्द रहित बनाएगी। एसबीएच के निदेशक डॉ. आशीष महोबिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य मरीजों को बिना किसी तकलीफ के बेहतरीन दृष्टि प्रदान करना है। उन्होंने आगे कहा कि अस्पताल ने आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए 100 निशुल्क ऑपरेशन की योजना भी घोषित की है, जो अंत्योदय कार्डधारकों के लिए उपलब्ध होगी। इसके अलावा अस्पताल ने छात्रों के लिए विशेष छूट की भी घोषणा की है, जिससे वे चश्मा हटवाने या अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए रियायती दरों पर सर्जरी करा सकें।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मैट्स विवि में कार्यशाला



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय पंडरी के मनोविज्ञान विभाग ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 'समय-कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने' संबंधी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक चलाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी यादव ने भी युवाओं से बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए आगे आने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा, मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. शाइस्ता अंसारी, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर ने निकाली बाइक रैली




**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत एक बाइक रैली का आयोजन किया। केंद्र सरकार और बैंक के मुख्यालय के निर्देशानुसार, देशभर में यह जागरूकता माह मनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष का सतर्कता जागरूकता अभियान 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' विषय पर केंद्रित है। रायपुर आंचलिक कार्यालय द्वारा आयोजित बाइक रैली में आंचलिक कार्यालय, क्षेत्रीय रायपुर और स्थानीय शाखाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक, उप अंचल प्रमुख राजेश कुमार सिंह, चीफ इंटरनल ऑडिटर विजय सिंह मीणा और अन्य अधिकारियों ने इसमें सक्रिय भागीदारी दिखाई।

### वस्त्रम विकास में पारिवारिक वस्त्रों का विशाल संग्रह

VASTRAM Complete Family Wear | Vikas Men's Fashion Club

**रायपुर।** शहर की प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास में नवरात्रि और दीपावली को देखते हुए मेन्स वियर व लेडिस वियर की विशाल रेंज उपलब्ध है। संस्थान संचालन के केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास विगत 29 वर्षों से रायपुर सहित पूरे प्रदेश के कई परिवारों के फैशन की डिमांड को पूरा करता आया है। इसी कड़ी में नवरात्रि पर कई प्रकार के वस्त्रों की बेहतरीन डिजाइन एवं वैरायटीज लेकर आए हैं। पुरुषों के लिए 1599 रुपए में कुर्ता-पायजामा, स्टाइलिश जैकेट के साथ मिलेंगे। इसके अलावा ब्रांडेड सूटिंग- शर्टिंग पर 50 प्रतिशत की छूट का ऑफर चलाया जा रहा है, जिसे ग्राहकों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। विकास की पांचों ब्रांच टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क जीई रोड, विकास टॉवर वस्त्रम सुंदरनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड कोटा और पुरानी धमतरी रोड डूंडा में ऑफर समान रूप से प्रत्येक कस्टमर्स को प्रदान किए जाएंगे।

# अनुकंपा नियुक्तियों को लेकर भ्रांति, 9 साल पहले जारी निर्देशों पर सरकार ने दिया स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार अनुकंपा नियुक्तियों के मामले में हमेशा से संवेदनशील रही है। यही वजह है कि सरकार का सामान्य प्रशासन विभाग अनुकंपा नियुक्तियों के मामलों को लेकर समय-समय पर आदेश-निर्देश देता रहता है, लेकिन हाल ही में सरकार के संज्ञान में आया है कि इन मामलों को लेकर कुछ भ्रांतिया उतपन्न हुई हैं।

अब सामान्य प्रशासन विभाग ने इसे लेकर स्पष्टीकरण दिया है। इससे राज्य के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्तों, सभी कलेक्टरों को अवगत कराया गया है।

*2013 में दिया गया था ये निर्देश*
*अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में 2013 में दिए गए निर्देश में तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के निम्नतम पदों पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए 10 प्रतिशत सीमा बंधन लागू है। यदि तृतीय श्रेणी के पद खाली न हों तो आवेदक को चतुर्थ श्रेणी के समतुल्य पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। ये दोनों पद खाली न हों तो क्या करना है इसके निर्देश भी 2013 में दिए गए थे।*



- सामान्य प्रशासन ने जारी किया निर्देश
- अनुसूचित क्षेत्र के कर्मियों के लिए प्रावधान

### 25 प्रतिशत पदों पर नियुक्त का आदेश

सामान्य प्रशासन ने इसी क्रम में यह भी कहा है कि अनुसूचित क्षेत्रों में पदस्थ ऐसे शासकीय सेवक जिनका आकस्मिक निधन हुआ है और उनके आश्रितों द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के लिए अभ्यावेदन पेश किया गया है तो उनके आवेदन का निराकरण प्रावधान के मुताबिक तृतीय श्रेणी के निम्नतम पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए 10 प्रतिशत के स्थान पर 25 प्रतिशत पदों पर अनुकंपा नियुक्ति जल्द से जल्द दी जाए।

### 9 साल पहले जारी निर्देश में शामिल थी ये बात

सामान्य प्रशासन विभाग की नियम शाखा ने अनुकंपा नियुक्तियों के संबंध में कहा है कि विभाग द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में पदस्थापना के संबंध में 3 जून 2015 को जारी निर्देश में कहा गया था कि अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थी के दौरान शासकीय सेवक का निधन होने पर उसके परिवार के आश्रित सदस्य को विभाग में तृतीय श्रेणी के निम्नतम पद पर अनुकंपा नियुक्ति के लिए शासन द्वारा निर्धारित 10 प्रतिशत सीमा को बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। विभाग ने जोर देकर कहा है कि यह नियम वर्तमान में प्रभावशील है।

### संत युधिष्ठिर लाल ने किया शीतल जल सेवा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल के मुख्य आतिथ्य में तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव में शीतल जल सेवा केंद्र का शुभारंभ हुआ। साधक परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा उपस्थित रहे। आत्म साक्षात्कार दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में संत युधिष्ठिर लाल ने कहा, सब परमात्मा के हैं, और सबमें परमात्मा का का वास है।

गुरु ही ब्रम्ह स्वरूप है, हमें गुरु के प्रति श्रद्धा रखनी चाहिए। मनुष्य जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि है आत्म साक्षात्कार। उन्होंने कहा कि साधक परिवार द्वारा स्थाई वाटर कूलर की स्थापना कर 'नर सेवा नारायण सेवा' को चरितार्थ करने का प्रयास किया जा रहा है. कार्यक्रम में सिंधु शक्ति के संस्थापक किशोर आहूजा, सिंधी समाज के वरिष्ठ नंदू मामा व शंकर लाल दानवानी, महिला मण्डल की अध्यक्ष कविता वाधवानी, सचिव बबिता जैरानी, साधक परिवार के हरेश गोविंदानी, घासीराम साहू, यशवंत वर्मा, सीताराम सोनी, मनोज बजाज सहित संख्या में साधकगण उपस्थित रहे।

